


हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## तालाब की मछलियां भी मरीं

ऊर्जा पार्क के तालाब में गंदा पानी आने से महीनेभर में दर्जनों मछलियां भी मर गई हैं। केयरटेकर के मुताबिक जलीय जीव के लिए पानी भी जहरीला हो गया। इन दिनों रोज पानी में मरी हुई मछलियां देखने को मिल जाती शेष पेज 15 पर

## शिकायत के बाद भी सफाई नहीं

ऊर्जा पार्क में रोजाना सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक हजार की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसमें 200 से अधिक लोग रोजाना सुबह वॉक करते हैं। तालाब में गंदगी की शिकायत निगम व वन विभाग के अधिकारियों शेष पेज 15 पर

# ऊर्जा पार्क के तालाब में होटलों की गंदगी, मछलियां मरीं

## बदबू से 25 साल में पहली बार बोटिंग भी बंद

ललित राठौड़ ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ऊर्जा पार्क शहर के सबसे खूबसूरत ठिकानों में से एक है। यहां रोजाना एक हजार से ज्यादा लोग पार्क की खूबसूरती को निहारने और दो सौ से ज्यादा सुबह-शाम की सैर के लिए जाते हैं। इस पार्क में एक खूबसूरत तालाब है। इसका पानी बेहद साफ हुआ करता था। लोग चारों तरफ घूमते और बोटिंग का आनंद भी लेते थे। लेकिन बीते कुछ समय से इसमें होटलों और कैफे से निकलने शेष पेज 15 पर







### पाइप से नालों में पहुंच रहा होटलों का गंदा पानी

ऊर्जा पार्क में बीते कुछ सप्ताह से आसपास के दर्जनों बड़े होटल और कैफे का कचरा, गंदगी नाले में डाला जा रहा है। शादियों का बचा हुआ खराब खाना भी यहीं डाल रहे हैं। पड़ताल में यह भी पता चला कि नालों में शेष पेज 15 पर



### पानी निकालने का प्रयास कर रहे

ऊर्जा पार्क के तालाब में गंदा पानी पहुंचने की शिकायत मिली है। अब पानी निकालने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके बाद तालाब को साफ किया जाएगा। तालाब को दूषित पानी से बचाने व्यवस्था बनाई जा रही है।

- **विश्वकांत मुखर्जी**, एसडीओ

### कार्रवाई करेंगे

ऊर्जा पार्क का तालाब नालों के गंदे पानी से दूषित हो रहा है यह संज्ञान में है। व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। कार्रवाई कर सिस्टम को बेहतर बनाएंगे।

- **अविनाश मिश्रा**, आयुक्त नगर निगम

## खबर संक्षेप

### ई-रिक्शा चोरी के आरोप में दो शातिर गिरफ्तार




**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक शराब दुकान के पास से आठ माह पूर्व ई-रिक्शा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। डीडीनगर निवासी संतोष भगतानी की शिकायत पर पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने के आरोप में भाठागांव बीएसयूपी कॉलोनी निवासी फरदीन हुसैन तथा इरफान खान को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने 11 मई 2024 को शराब दुकान के पास से ई-रिक्शा चोरी कर ले गए थे।

### दो सूने मकानों में धावा, कैश जेवर समेत लाखों की चोरी

**रायपुर।** रावतपुरा कालोनी में रहने वाले दो लोगों ने अज्ञात के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रावतपुरा में रहने वाले राकेश नहका ने पुलिस को बताया कि वह अपने पिता के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था, इस दौरान चोरों ने उसके घर से नकदी 32 हजार रुपए सहित डेढ़ लाख रुपए के जेवर चोरी कर ले गए। पेशे से ठेकेदार दयामन देवांगन ने भी अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 80 हजार रुपए सहित डेढ़ लाख रुपए कीमत की सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

### ई-रिक्शा से शराब की तस्करी, दो गिरफ्तार



**रायपुर।** ई-रिक्शा से शराब की तस्करी करने के मामले में आबकारी विभाग ने दो व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग के जिला सहायक अधिकारी वैभव मित्तल ने बताया कि 15 जनवरी की रात में मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ई-रिक्शा में दो लोग बल्क में शराब का परिवहन कर ले जा रहे हैं। इस सूचना पर टीम ने ई-रिक्शा को रोककर उसकी तलाशी ली। इस दौरान नीतिश कुमार जोशी के कब्जे से 50 पाव देशी मसाला शराब एवं नरसिंग जाल से 40 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। विभाग ने दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्रनाथ तिवारी, आशीष सिंह एवं मुख्य आरक्षक सुनीता गर्ग, आरक्षक डीएस पटेल व राकेश दुबे शामिल रहे।

## सभी प्रदेशों को छात्र संख्या के आधार पर दिया गया था पंजीयन लक्ष्य

# परीक्षा पे चर्चा में छत्तीसगढ़ ने किया टॉप, मप्र उप्र, गुजरात और राजस्थान भी हमसे पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर


लक्ष्य प्राप्त करने में ओडिशा दूसरे स्थान पर तथा गुजरात तीसरे स्थान पर है। जबकि उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश जैसे अधिक जनसंख्या वाले भाजपा शासित राज्य निर्धारित लक्ष्य भी हासिल नहीं कर सके हैं। ना केवल उप्र और मप्र बल्कि सूची में हरियाणा, महाराष्ट्र जैसे कई राज्य हैं, जहां भाजपा की सरकार है, लेकिन वे प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं कर सके हैं।

छग को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए 10 लाख 25 हजार छात्रों का पंजीयन कराने लक्ष्य दिया गया था। दिए गए लक्ष्य से 197.86 प्रतिशत अर्थात 20 लाख 28 हजार पंजीयन यहां हुआ है। जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, केवल 8 राज्य ही दिए गए लक्ष्य को हासिल कर सके हैं। शीर्ष तीन राज्यों के अलावा पंजाब, राजस्थान, आंध्रप्रदेश और उत्तरप्रदेश ने अपने दिए गए लक्ष्य को हासिल किया है। परीक्षा पे चर्चा का आयोजन जनवरी में ही नई दिल्ली के भारत मंडपम, नई दिल्ली में टाउन शेष पेज 15 पर

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि के मामले में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। सभी राज्यों को उनके यहां दर्ज छात्र संख्या के आधार पर पंजीयन लक्ष्य प्रदान किया गया था। छग ने निर्धारित संख्या से लगभग दोगुना पंजीयन करवाकर प्रथम स्थान हासिल किया है।

- छग- 197.86%
- ओडिशा- 161.45%
- गुजरात- 142.08%
- पंजाब- 120.69%
- राजस्थान-107.46%
- आंध्रप्रदेश- 105.85%
- उत्तरप्रदेश-103.69%
- मध्यप्रदेश-54.69%
- महाराष्ट्र-44.54%
- मणिपुर-41.89%
- हरियाणा-27.34%
- दिल्ली-17.07%
- केरल-17.75%
- मिजोरम-5.10%
- तमिलनाडु-3.50%
- प. बंगाल-3.44%
- नागालैंड-2.64%
- मेघालय-1.29%

### 36 में से मात्र 7 राज्य ही पूर्ण कर सके हैं निर्धारित लक्ष्य




- छग को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए 10 लाख 25 हजार छात्रों का पंजीयन कराने लक्ष्य दिया गया था
- दिए गए लक्ष्य से 197.86 प्रतिशत अर्थात 20 लाख 28 हजार पंजीयन यहां हुआ

### नागालैंड और मेघालय भी पिछड़े

जो पांच राज्य लक्ष्य निर्धारण में सबसे पीछे हैं, उनमें मिजोरम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, नागालैंड और मेघालय है। तमिलनाडु को 27 लाख 77 हजार का लक्ष्य दिया गया था। यहां मात्र 97 हजार छात्रों ने पंजीयन कराया। प.बंगाल में निर्धारित लक्ष्य 23 लाख 59 हजार के विपरित 81 हजार ही पंजीयन हो सके। इसी तरह से नागालैंड में 1 लाख 80 हजार के विरूद्ध 4 हजार 755, मेघालय में 3 लाख 99 हजार के विरूद्ध 5 हजार 173 और मिजोरम में एक लाख 31 हजार के विरूद्ध 6 हजार छात्रों ने ही पंजीयन कराया शेष पेज 15 पर

### *14 जनवरी तक खुला था पोर्टल*

*परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों को प्रधानमंत्री से सवाल पूछने का मौका मिलता है। इसके लिए पंजीयन अनिवार्य होता है। पंजीयन के लिए पोर्टल 14 जनवरी तक खुला था। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के बच्चों को इसमें हिस्सा लेने की पात्रता थी। जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ को दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि 200 प्रतिशत रही। समग्र शिक्षा की ओर से अधिक से अधिक प्रश्न पूछने के लिए इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया था। सभी हितग्राहियों को प्रश्न पूछने के लिए शाला स्तर पर प्रोत्साहित किया गया था।*

# तालाब को पहले पाटने का प्रयास, अब ढाबे की गंदगी से पानी हो रहा प्रदूषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू जाने वाले रास्ते के बगल में विधानसभा रोड से लगा तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है। इसका कारण तालाब से सटा एक ढाबा है। इस ढाबा से निकलने वाला गंदा पानी और कचरा तालाब में फेंका जा रहा है, जिसके कारण तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है, वहीं ढाबा का कचरा फेंके जाने से तालाब भी पट रहा है। यह वही तालाब है, जहां करीब डेढ़-दो महीने पहले कुछ लोगों द्वारा रात के अंधेरे में मिट्टी डालकर पाटने का प्रयास किया जा रहा था। नगर निगम की टीम ने गांव के कुछ जागरूक लोगों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए इस पर रोक भी लगाई थी। इस शेष पेज 15 पर

- **निगम ने तालाब पाटने के मामले में जेसीबी मशीन जब्त कर की थी कार्रवाई**

### कई ट्रक मिट्टी डालकर जेसीबी से पाटा जा रहा था तालाब को

नगर निगम जोन-9 की टीम को सूचना मिली थी कि प्रिंस ढाबा के पीछे तालाब को अज्ञात लोगों द्वारा मिट्टी डालकर पाटा जा रहा है। निगम को इसकी जानकारी देने वाले लोगों ने इसका विडियो भी बनाया था। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाब को पाटने पर रोक लगाते हुए मौके से बगैर शेष पेज 15 पर

### जांच कर कार्रवाई करेंगे

तालाब पाटने के मामले में कार्रवाई की गई थी। ढाबा संचालक को भी गंदगी फैलाने के मामले में नोटिस दिया गया था, साथ ही ढाबा की जमीन व भवन निर्माण को लेकर दस्तावेज मांगे गए थे। तालाब में अगर ढाबा की गंदगी जा रही है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

- **संतोष पांडेय**, कमिश्नर जोन-9 रायपुर

# पीएससी भर्ती घोटाला : 465 पन्नों की चार्जशीट, 40 लोग देंगे गवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पीएससी के पूर्व चेयरमैन सहित सात को सीबीआई ने किया है गिरफ्तार
- साक्ष्य मिलने पर पूर्व परीक्षा नियंत्रक वासनिक की भी गिरफ्तारी

सीजीपीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में गुरुवार को सीबीआई के वकील ने स्पेशल कोर्ट में सीजीपीएससी के पूर्व चेरमैन टामन सिंह सोनवानी, डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर, सोनवानी के भतीजा तथा बेटा साहिल और नितेश के साथ बजरंग इस्पात के पूर्व डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल, उनके बेटे शशांक तथा बहू भूमिका के खिलाफ 465 पन्नों का चालान पेश किया है। इसके अलावा 15 पन्नों की सीबीआई के वकील ने समरी पेश की है।

परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने पूर्व पीएससी चेयरमैन तथा कारोबारी को दो माह पूर्व गिरफ्तार किया था। इसके बाद हाल के दिनों में सीबीआई ने डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर सहित कारोबारी के बेटे-बहू तथा चेयरमैन के भतीजे तथा बेटा को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कोर्ट को बताया है कि परीक्षा में सिंडिकेट काम कर रहा था, जिसने पैसों का लेन-देन कर पर्चा लीक किया। सीबीआई के वकील ने कोर्ट को बताया है कि पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक की जांच की जा रही है। उनकी फिलहाल गिरफ्तारी नहीं की गई है। जांच में साक्ष्य मिलने पर आरती की भी गिरफ्तारी की जाएगी।


पीएससी घोटाला : सोनवानी का भतीजा पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर गिरफ्तार

### 40 गवाहों की सूची सौंपी

परीक्षा भर्ती मामले में सीबीआई के वकील ने कोर्ट में 40 गवाहों की सूची सौंपी है। चार्जशीट में आरोप है कि पीएससी के तत्कालीन पदाधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए लेनदेन कर अपने रिश्तेदारों और करीबी लोगों को उपकृत करने पेपर लीक किया। कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट पर 30 जनवरी को बचाव और अभियोजन पक्ष अपना तर्क प्रस्तुत करेंगे।

# चार दिनों में बदलीं नियुक्तियां कृषि विस्तार अधिकारी बने 8 पुरुषों की जगह अब दूसरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के कृषि संचालनालय का एक अनोखा कारनामा सामने आया है। दरअसल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद के लिए 10 जनवरी को नियुक्तियों का आदेश जारी किया गया। इसके चार दिनों बाद यानी 14 जनवरी को फिर एक संशोधित आदेश जारी कर आठ पुरुषों के नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए गए। उनकी जगह दूसरे लोगों के नाम शामिल कर लिए गए हैं। माना जा रहा है कि इस नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान संबंधित अधिकारी नियम, प्रक्रिया से बेखबर थे, लेकिन चार दिनों बाद उन्हें अपनी गलती खुद ही नजर आई और संशोधित आदेश जारी कर दिया गया।

- **सफाई में कहा- त्रुटिवश केवल पुरुषों की गणना की गई**

### पहली तालिका में शामिल नाम नियुक्ति आदेश निरस्त

नियुक्ति आदेश की तालिका क्रमांक 1 में शामिल इन लोगों के नियुक्त आदेश निरस्त किए गए हैं। इनके नाम इस प्रकार हैं। लोकेश कुंजाम, ओमप्रकाश, मान सिंह, अनिल कुमार, संजीव केरकेट्टा, समीर कुमार केमरो, विक्रम नाग, प्रदीप कुमार बढ़ई। इसके साथ ही संचालनालय द्वारा जारी तालिका क्रमांक 2 में 19 लोगों के नाम हैं। इनमें पुरुष एवं महिला दोनों शामिल हैं।

### ये है मामला बदले हुए आदेश का

संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 14 जनवरी को जारी एक संशोधित आदेश में कहा गया है कि 10 जनवरी को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा के बाद प्रेषित किए गए परीक्षा परिणाम के अनुसार पात्र उम्मीदवारों को आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पद के लिए तीन साल के की परीविक्षा के लिए नियुक्ति का आदेश जारी किया गया था। इस आदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के मुक्त श्रेणी के मेरिट निर्धारण में त्रुटिवश केवल पुरुष अभ्यर्थियों की गणना की गई थी। जो कि आदेश के सरल क्रमांक 216 से से 235 तक उल्लेखित है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के मुक्त श्रेणी के पदों के लिए पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों को शामिल कर छग व्यापमं द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार संशोधित करते हुए तालिका क्रमांक 1 अनुसार अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश निरस्त करते हुए तालिका क्रमांक 2 के अनुसार संशोधित नियुक्ति, पदस्थापना आदेश जारी किया जाता है।

# शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्य सचिव ढांड का नाम भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में कवासी लखमा की गिरफ्तारी के पूर्व विशेष अदालत में जो दस्तावेज पेश किए गए हैं, उसमें राज्य के पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड का नाम भी शामिल है। कोर्ट में ईडी के वकील द्वारा पेश दस्तावेज के मुताबिक अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा तथा अरुण पति त्रिपाठी का गिरोह विवेक ढांड के संरक्षण में काम कर रहा था।

- **ईडी का आरोप अनवर ढेबर सहित अन्य ढांड के संरक्षण में काम कर रहे थे**


ईडी ने ईओडब्लू द्वारा शराब घोटाले को लेकर दर्ज अपराध का हवाला देते हुए कोर्ट में जानकारी दी है कि अनवर ढेबर ने अपने राजनीतिक प्रभाव और अनिल टुटेजा से पारिवारिक संबंधों का फायदा उठाते हुए सीएसएमसीएल के प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी के साथ मिलकर शराब उत्पादन और आपूर्ति की दर में वृद्धि की और बदले में डिस्टलरी मालिकों से लाखों रुपए का अवैध कमीशन प्राप्त किया। इस तंत्र को पार्ट ए कहा जाता है। अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अरुण पति त्रिपाठी से मिलकर बना शराब का यह गिरोह ढांड के संरक्षण में काम कर रहा था। ईडी ने शराब घोटाला में शामिल विवेक ढांड को भी लाभार्थी बताया है।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# कल से ठंड लौटने के आसार, 72 घंटे में 3 डिग्री गिरेगा पारा

**रायपुर।** ठंड से राहत का अनुभव कर रहे लोगों को सर्दी फिर से सताएगी। शुक्रवार को मौसम शुष्क रहने के बाद शनिवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। इसके पूर्व 29.5 डिग्री तापमान के साथ राजधानी रायपुर प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा है। यह सामान्य ये 1.1 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक 16.6 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान अंबिकापुर और कोरिया में 9.7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश में कहीं भी बारिश दर्ज नहीं हुई। हालांकि शीतलहर जैसी स्थिति का सामना लोगों को अब नहीं करना पड़ेगा।

- **गुरुवार को 29.5 डिग्री तापमान संग रायपुर सर्वाधिक गर्म**



### पश्चिमी विक्षोभ का असर

तापमान में उतार-चढ़ाव की यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के कारण निर्मित हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण हरियाणा के ऊपर स्थित है। 17 जनवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। 18 जनवरी तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट संभावित है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411


आप
दीर्घायू हो
जीवेत
शरदः शतम्
17
जनवरी
जनसेवक
जनता के सुख दुख के साथी - हम सब के प्रिय
माननीय श्री सत्यनारायण शर्मा जी
पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन / पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें
आकाशदीप शर्मा
जोन अध्यक्ष - जोन क्र. 10 नगर पालिक निगम रायपुर / पार्षद वार्ड क्र.56 ले.अरविंद दिक्षित, रायपुर

## खबर संक्षेप

### अनुपम गार्डन में हास्य योग शिविर कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ हास्य योग महासंघ के तत्वावधान में हास्य योग गुरु के मुख्य आतिथ्य में हास्य योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भारत हास्य योग केंद्र दिल्ली द्वारा देशभर के 19 राज्यों में हास्य योग की कक्षाएं निशुल्क संचालित हो रही हैं, जहां प्रत्येक राज्य में औसतन दस-दस केंद्र संचालित हैं। स्वतंत्र हास्य योग महासंघ केंद्र के संरक्षक राजू शर्मा के मार्गदर्शन में रायपुर के 9 हास्य योग केंद्र विभिन्न वार्डों में स्थापित हैं, जहां पृथक-पृथक संचालकों की नियुक्ति कर विधिवत कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। 18 जनवरी को प्रातः 5 बजे से हास्य योग शिविर शुरू होगा, जिसमें निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है।

## निधन

### जानकी देवी सचदेव



रायपुर। श्याम नगर तेलीबांधा निवासी जानकी देवी सचदेव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 जनवरी को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सेऊराम सचदेव की पत्नी और हरीश सचदेव की माता थीं।

### पुष्पा देवी वाधवानी



रायपुर। जंजगीरी चरोदा, पूर्व में भोईपारा लाखेनगर निवासी पुष्पा देवी वाधवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से कुम्हारी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुरेश वाधवानी की पत्नी और शुभम वाधवानी की माता थीं।

### जसबीर कौर



रायपुर। स्टेशन रोड लोधीपारा निवासी सरदारनी जसबीर कौर (94) का 16 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 जनवरी को सुबह 11 बजे महादेव घाट श्मशानघाट के लिए बेटी के निवास आमापारा से निकलेगी। वे स्व. सरदार जसवंत सिंह ठेठी की पत्नी और रजनीत कौर, भारती बागल, सिमरन कौर, हरमिन्दर कौर की माता थीं।

आवश्यकता हैं
JCB मशीन
हेतु आपरेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है.
वेतन- योग्यतानुसार
- संपर्क -
मो. 9752525351

# नैक टीम ने कहा था- छात्रों के विकास पर ध्यान नहीं, इधर.. 25 वर्षों में दूसरी बार छात्रसंघ 'अघोषित शून्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

महाविद्यालयों में इस बार किसी भी छात्र को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिलेगा। छात्रसंघ चुनाव नहीं किए जाने संबंधित फैसले के बाद यह तो सत्र के प्रारंभ से ही स्पष्ट था कि किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध छात्रों को नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। उम्मीद की जा रही थी कि मेधावी छात्रों को प्रतिनिधित्व का मौका उनके मेरिट आधार पर मिलेगा, लेकिन यह भी संभव नहीं हो सका है। सत्र के प्रारंभ में जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, सितंबर अंत तक छात्रसंघ का गठन हो जाना चाहिए था। उच्च शिक्षा विभाग ने मनोनयन के लिए विश्वविद्यालयों को आदेश ही जारी नहीं किया। इस कारण विश्वविद्यालयों द्वारा महाविद्यालयों को भी निर्देशित नहीं किया जा सका। नैक टीम द्वारा बीते दिनों छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड प्रदान किया गया था। बीते सत्र में पं.रविशंकर शुक्ल विवि को भी नई ग्रेडिंग मिली थी और वो ए से बी ग्रेड में आ गया था। कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों की भी ग्रेडिंग बीते दो वर्षों में की गई है। इनमें से किसी को भी ए ग्रेड नहीं मिल सका। नैक टीम ने अपनी समीक्षा में कई बिंदुओं पर कार्य किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इनमें से एक छात्र हित और उनके विकास के लिए कार्य भी शामिल थे। इसके बाद भी छात्रहित और व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी माने जाने वाले छात्रसंघ गठन पर उच्च शिक्षा विभाग का रवैया उदासीन है।

## चुनाव दूर की बात, इस बार मनोनयन के लिए भी आदेश नहीं

### इसलिए स्वतः मनोनयन नहीं करते महाविद्यालय

राज्य निर्माण के बाद यह पहली बार नहीं है जब उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इसे लेकर उदासीनता बरती गई हो। इसके पूर्व शैक्षणिक सत्र 2021-22 में भी मनोनयन संबंधित आदेश जारी नहीं हुआ था। तब महाविद्यालयों ने स्वतः ही मेरिट आधार पर पुराने नियमों के अनुसार छात्रसंघ गठन कर दिया था। बाद में उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रसंघ गठन शून्य करने आदेश जारी कर दिया था। उस वक्त भी विभाग की किरकिरी हुई थी और कई स्तर पर इस फैसले की आलोचना हुई थी। मेधावी छात्रों को पद प्रदान करके उनसे इसे छीन लिया गया था। मौजूदा सत्र में भी छात्रसंघ अघोषित रूप से शून्य है।

### आदेश का इंतजार

*छात्रसंघ गठन अथवा मनोनयन संबंधित आदेश शासन-प्रशासन से निर्देश जारी होने पश्चात ही महाविद्यालयों के लिए जारी किए जाते हैं। विवि स्वतः इस संदर्भ में आदेश जारी करने स्वतंत्र नहीं है।*

*- प्रो.राजीव चौधरी, मीडिया प्रभारी, रविवि*

### 2021 में भी यह स्थिति

*इसके पूर्व 2021-22 में भी यह स्थिति निर्मित हुई थी। हमने आदेश के बगैर ही छात्रसंघ पदाधिकारियों का मनोनयन कर दिया था। जिसे बाद में शून्य करने का आदेश उच्च शिक्षा विभाग ने दिया था। इस कारण बगैर आदेश हम मनोनयन नहीं करते।*

*- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन*

### शिक्षा के प्रति उदासीन रवैया

*छात्रसंघ शून्य की स्थिति बीजेपी सरकार के शिक्षा के प्रति उदासीन रवैये को दर्शाती है। सरकार को इस मुद्दे पर जवाबदेह बनना चाहिए और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करना चाहिए।*

*- शांतनु झा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष*

### योग्य व्यक्ति नहीं

*छात्रहित संबंधित मुद्दों पर सरकार निष्क्रिय हो गई है। योग्य व्यक्ति प्रशासन में नहीं हैं। इसका खामियाजा हम विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।*

*- प्रथम फुटाने, नगर महामंत्री, एबीवीपी*

## भारत सरकार ने रायपुर निगम को किया शामिल, 21 को एक्सपर्ट टीम देगी प्रेजेंटेशन

# मेट्रो सिटी की तर्ज पर पानी निकासी के लिए इंटीग्रेटेड ड्रेन सिस्टम, 220 करोड़ का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव




निगम ने राज्य बनने के बाद लोगों की सुविधा के लिए कई तरह के नए प्रयोग किए। इसके चलते स्मार्ट सिटी की दौड़ का हिस्सा बना। इससे कई तरह के निर्माण भी हुए, जिसकी सुविधा लोगों को मिल रही है। अब एक नई व्यवस्था जुड़ने वाली है। शहर के पानी निकासी के लिए इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट तैयार हुआ है। इसका प्रेजेंटेशन देने के लिए भारत सरकार ने सहमति दी है। 21 जनवरी को 220 करोड़ के प्रोजेक्ट को किस तरह से लागू करेंगे, इसका एक्सपर्ट प्रेजेंटेशन देंगे।

रायपुर को मेट्रो सिटी की तर्ज पर सुविधा देने की कवायद अब 70 वार्डों में होगी। सूत्रों ने बताया निगम सीमा में पानी निकासी का सिस्टम बेहतर करने के लिए डिप्टी सीएम अरुण साव ने निगम की तकनीकी टीम को प्लान तैयार करने निर्देश दिया था। इसके तहत पानी निकासी के चलते होने वाली अव्यवस्था को दुरुस्त की जाएगी। जहां या जिस क्षेत्र में पानी जाम की स्थिति है, उसे दुरुस्त करते हुए निकासी की बेहतरी के लिए प्लान तैयार किया है। इसका प्रेजेंटेशन भारत सरकार की तकनीकी टीम के सामने देने के लिए रायपुर निगम की एक्सपर्ट टीम जाएगी। एक्सपर्ट शहर की वर्तमान पानी निकासी के साथ ही इससे किस तरह के हालात किस-किस क्षेत्र में बनते हैं, उसे दिखाने के साथ ही इस समस्या का स्थाई समाधान करने इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट के लिए तैयार किया गया प्लान दिखाएंगे।

**प्रेजेंटेशन देने जाएंगे एक्सपर्ट**

देश के 9 शहरों में रायपुर भी इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट के लिए चयनित किया गया है। इसे शहर में लागू करने के लिए तकनीकी टीम द्वारा तैयार किए गए प्लान का प्रेजेंटेशन 21 जनवरी को भारत सरकार की तकनीकी टीम के सामने दिया जाएगा।

- **अविनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### मिलेगा 220 करोड़ का प्रोजेक्ट

*बताया जाता है कि भारत सरकार ने इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए देश के नौ निगमों को शामिल किया है। इसमें पहले फेज में जिन तीन निगम सीमा की पानी निकासी को इंटीग्रेटेड ड्रिन सिस्टम से जोड़ने की कवायद करने वाला है, उसमें रायपुर निगम भी शामिल है। अगर तकनीकी टीम द्वारा तैयार किए गए प्लान को मंजूरी मिलेगी, तो शहर में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए भारत सरकार से 220 करोड़ के प्रोजेक्ट की मंजूरी मिलेगी। इससे शहर की 15 लाख से ज्यादा आबादी को बड़ी राहत मिलेगी।*

### कॉलोनियों और बस्तियों का पानी..

*सूत्रों ने बताया कि इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट के तहत काम होने से आने वाले कुछ सालों में कॉलोनियों और निचली बस्तियों में होने वाले जलभराव को खत्म किया जा सकेगा। इसके साथ ही पानी को एकीकृत भी किया जाएगा। कुल मिलाकर जिस तरह से दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों में पानी जाम की समस्या कुछ घंटे में ही खत्म हो जाती है, कुछ इसी तरह का सिस्टम रायपुर के वार्डों में भी लागू होने वाला है। इससे समता, चौबे कॉलोनी सहित जिन बस्तियों, बाजारों, मुख्य मार्गों पर बारिश के दिनों में पानी जाम होता है, उनको प्लान में शामिल करेंगे।*

# 10 पैसेंजर ट्रेनें रद्द, एक्सप्रेस में यात्रियों की उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लगातार पैसेंजर ट्रेन रद्द होने से दैनिक यात्रियों को बड़ी दिक्कत हो रही है। पैसेंजर के रद्द होने का असर एक्सप्रेस ट्रेनों में दिखाई देने लगा है।

इस महीने 40 से अधिक पैसेंजर ट्रेनें रद्द हो चुकी हैं। बुधवार को नागपुर रेल मंडल के गोंदिया-गंगाझरी स्टेशनों के बीच गर्डर की लांचिंग का कार्य बताकर रेलवे ने फिर से 11 ट्रेनों को 17 से 22 जनवरी के बीच रद्द कर दिया, जिसमें इतवारी, बालाघाट, गोंदिया और डोंगरगढ़ जाने वाली ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

## ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

- 68741 दुर्ग- गोंदिया पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68742 गोंदिया दुर्ग पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68743 गोंदिया - नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - गोंदिया -पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68711 डोंगरगढ़ गोंदिया मेमू पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68712 गोंदिया डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68713 गोंदिया - नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - गोंदिया -पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68715 बालाघाट- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) -पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- शिवनाथ एक्सप्रेस को 17 जनवरी 2025 को 30 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा
- 18 जनवरी 2025 को 15 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा
- इतवारी एक्सप्रेस को 21 जनवरी 2025 को 1 घंटा 30 मिनट नियंत्रित करते हुए चलाया जाएगा
- 21 जनवरी 2025 को 01 घंटा 15 मिनट नियंत्रित करते हुए चलाया जाएगा
- 68719 बिलासपुर रायपुर मेमू पैसेंजर 17 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68727 बिलासपुर रायपुर मेमू पैसेंजर दिनांक 17 जनवरी को रद्द रहेगी
- 58201 बिलासपुर रायपुर पैसेंजर दिनांक 18 जनवरी को रद्द रहेगी
- 58207 रायपुर जूनागढ़ रोड पैसेंजर दिनांक 18 जनवरी रद्द रहेगी
- 58208 जूनागढ़ रोड रायपुर पैसेंजर दिनांक 19 जनवरी को रद्द रहेगी
- 58280 रायपुर - कोरबा पैसेंजर दिनांक 19 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68861/68862 गोंदिया- झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेजर स्पेशल बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी

# सरजूबांधा श्मशानघाट को मिला नया स्वरूप, विधायक सोनी ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के अंतर्राज्यीय बसस्टैंड से लगे सरजूबांधा श्मशान घाट को नया स्वरूप दिया गया है। क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने गुरुवार को इसका लोकार्पण किया। श्मशान घाट के चारों तरफ बाउंड्रीवाल कराने के साथ यहां शवदाह करने पहुंचने वाले लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके, इसके लिए यहां गॉर्डन भी बनाया गया है। इसके साथ श्मशान घाट के नाम का होर्डिंग बोर्ड, पंजीयन कक्ष, लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि भी की गई है।

*अवैध कब्जा को मुक्त कराया -सरजूबांधा श्मशान घाट की 3 एकड़ भूमि के बड़े हिस्से में कुछ लोगों द्वारा बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर सरजूबांधा श्मशान घाट विकास समिति एवं दशहरा खेल मैदान समिति सहित स्थानीय लोगों ने मिलकर इसका जमकर विरोध किया था। इस विरोध के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर राजस्व विभाग ने जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराया था। इसके बाद से समिति और क्षेत्र के लोगों ने श्मशान घाट की जमीन को सुरक्षित रखने के साथ इसके जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण करने की मांग की थी।*

**नाम परिवर्तन**
**शपथ पत्र**

मै श्रीमती संतोषी साहू उम्र 44 वर्ष पति श्री चिंताराम साहू, निवासी- साहू पारा, आदर्श विद्यालय के पीछे, टाटीबंध, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं :-

1. यह कि, विवाह के पूर्व मैं कु. लता साहू पिता भजन लाल साहू के नाम से समस्त शिक्षा एवं शिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त की हूं तथा समस्त दस्तावेजों में मेरा यही नाम अंकित है।
2. यह कि, मेरा विवाह दिनांक 07/02/1997 को सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार चिंताराम साहू पिता झग्गरराम साहू, निवासी- टाटीबंध के साथ संपन्न हुआ हैं।
3. यह कि मैं घोषित करती हूं कि समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय बैंक, ....... निगम, बोर्ड, निकाय आदि में अब मेरा नाम श्रीमती संतोषी साहू पति श्री चिंताराम साहू के नाम से जानी-पहचानी व पुकारी जाऊ तथा यहीं नाम उल्लेखित एवं संबोधित किया जावे। अतएव नाम परिवर्तन बाबत अपना शपथ पत्र पेश कर रही हूँ। **शपथकर्ती**

**-: सत्यापन :-**

मैं उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 तक में वर्णित कथन मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे मैं आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूं।

रायपुर छ.ग. **संतोषी साहू**
दिनांक 03.01.2025 **सत्यापनकर्ती**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 16.01.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिगंबर पिता/पति स्व.श्री शिवप्रसाद निवासी देवपुरी छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर मे स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 108/1, 281/1 रकबा 0.0200, 0.0120 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 08.01.2025 के परिपालन में दिनांक 24.01.2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक - रायपुर-10**

**:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::**
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालयः- भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार क्र. - 46/2024, प्रो.क्र. 26
पेशी तारीख 05.02.2025

**रामेश्वर सिंह वगै.** -आवेदकगण
-बनाम-
**भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा रायपुर वगै.** -अनावेदकगण

**प्रति,**
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण**

जो कि आवेदकगण के मृतक अग्रज चचेरे भाई राजेन्द्र सिंह ठाकुर के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 05.02.2025 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 15.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 15.01.2025
मुहर
**भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री जार्ज स्टेनली डेनियल पिता श्री जॉन स्टीफन निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड शिव मंदिर गली नं. 02 राजातालाब जिला रायपुर एवं कु.संतोषी यादव पिता श्री तूफान यादव निवासी वार्ड नं. 46 गली नं. 13 महात्मा गांधी नगर न्यू पेट्रोल पम्प अमलीडीह जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 13 फरवरी, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 14 जनवरी, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

**अवधि 30 दिन से कम न हो।**

मुहर **विवाह अधिकारी रायपुर**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



# 26 जनवरी के लिए झांकी बनाने आदेश का इंतजार, असमंजस में थीम तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

26 जनवरी के मौके पर पुलिस लाइन स्थित परेड मैदान में कला-संस्कृति से रची-बसी झांकियां आकर्षण का केन्द्र होती हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड और ध्वजारोहण देखने शहर का बड़ा वर्ग भी पहुंचता है। इनमें स्कूल व कॉलेज की छात्राओं और छात्रों के दलों की भगीदारी होती है, लेकिन इस बार झांकी के लिए थीम तय नहीं होने की खबर है।

इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग से आदेश नहीं मिला है। राजधानी के सिविल लाइन स्थित परेड मैदान पर जवानों ने जहां अभ्यास शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ अलग-अलग विभागों द्वारा बनवाई जाने वाली विभागीय झांकी में इस बार आकर्षण का केन्द्र क्या होगा, झांकी को किस थीम पर संवारा जाएगा, यही तय नहीं हुआ है। इसके कारण जेल, पीडब्ल्यूडी ही नहीं, अन्य विभागों ने झांकियों को संवारने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग से निर्देश के बाद अलग-अलग विभाग थीम तय करते हैं। सरकार बदलने से विभाग के अफसर भी असमंजस में हैं कि झांकी की थीम किस तरह का रखी जाएगी, यह भी अभी तक तय नहीं है।

## संस्कृति विभाग के मार्गदर्शन में विभाग बनवाते हैं आकर्षक झांकी

### झांकी बनाने सिर्फ 8 दिन...

विभागों को झांकी बनाने के लिए आनन-फानन में अगर थीम देते हुए झांकी बनाने के लिए आदेश दिया जाता है, उस स्थिति में संस्कृति विभाग को थीम व झांकी की जानकारी एक दिन पहले देने की प्रक्रिया के कारण संबंधित विभागों के पास अब 8 दिन ही शेष हैं, जबकि किस थीम पर किस विभाग की झांकी होगी, यह जिम्मेदार अभी तक नहीं तय कर पाए हैं। इससे जेल, संस्कृति, स्वास्थ्य सहित झांकी बनाने वालों ने अभी तक काम ही शुरू नहीं किया है। इसे देखते हुए अटकलें लगाई जा रहीं कि परेड मैदान पर झांकी कम देखने को मिलेगी।



### परेड का हिस्सा बनाने लिस्टिंग

सूत्रों कि मानें, तो सामान्य प्रशासन विभाग से थीम के साथ झांकी बनाने आदेश जारी होता है। इस साल झांकी के लिए कोई आदेश नहीं मिलने से विभाग के जिम्मेदार खुद थीम तय करने से बच रहे हैं। आदेश में नया थीम बनाने आदेश होने पर झांकी उजाड़नी होगी, इससे बचने विभागों ने अभी तक काम ही शुरू नहीं किया है। इससे परेड मैदान पर छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति की झलक मिलेगी या नहीं, यह भी तय नहीं है। संस्कृति विभाग को विभागों की थीम की सूचना नहीं है। परेड मैदान पर ध्वजारोहण से एक दिन पहले विभाग लिस्टिंग करता है।

### एक दिन पहले होती है लिस्टिंग

हर साल झांकी बनाने वाले विभागों से थीम की जानकारी मिलती थी। साथ ही 25 जनवरी को ही परेड में झांकी का क्रम तय करने विभागों की लिस्टिंग की जाती है। आदेश के बारे में विभाग के लोग बता सकेंगे।

- विवेक आचार्य, संचालक
संस्कृति विभाग, रायपुर

## 20 जनवरी को मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में होगी वन्यजीव बोर्ड की बैठक

# टाइगर रिजर्व के जिन गांवों को शिफ्ट करना है वन्यजीव बोर्ड की बैठक में वहां विकास कार्य के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के दो टाइगर रिजर्व अचानकमार तथा उदंती-सीतानदी के 55 गावों को शिफ्ट करना है, उन क्षेत्रों में वन्यजीव बोर्ड की बैठक में सुविधाओं की विस्तार के लिए प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 20 जनवरी को वन्यजीव बोर्ड की बैठक होनी है। टाइगर रिजर्व के लिए शिफ्ट होने वाले गांवों में सुविधाओं के विस्तार को लेकर वन्यजीव प्रेमी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि टाइगर रिजर्व के लिए जिन गांवों को शिफ्ट करना है, वहां सुविधा उपलब्ध कराने का क्या औचित्य।

दो वर्ष पूर्व 19 दिसंबर 2022 को वन्यजीव बोर्ड की 13वीं बैठक के बाद पुनः बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में 13 एजेंडा शामिल किया गया है। इनमें तीन एजेंडा का वन्यजीव प्रेमी विरोध कर रहे हैं। उनमें अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर तथा बफर जोन के आठ गांव में मोबाइल टॉवर लगाना है। इसके अलावा उदंती-सीतानदी के अरसी कन्हार में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाकर पानी की व्यवस्था करना है। उदंती-सीतानदी के ओडिशा से सटे देवभोग के अंतिम गांव कोदोमाली में 11 केवी का लाइन बिछाना है।





### वन्यजीव के जानकार यह कह रहे

वन्यजीव प्रेमी तथा बाघ संरक्षण के लिए काम करने वाले मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी अजय दुबे का कहना है कि टाइगर रिजर्व के विस्थापित होने वाले गांव में सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीण गांव में ही रहना चाहेंगे। वन्यजीव प्रेमी के अनुसार मध्यप्रदेश में टाइगर रिजर्व से सटे गांवों को विस्थापित करने एक सेवानिवृत्त वन अफसर के नेतृत्व में कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने विस्थापित होने वाले गांव को विस्थापन के लिए प्रेरित किया। इसके चलते मध्यप्रदेश की आज टाइगर स्टेट को रूप में पहचान है। वन्यजीव प्रेमी के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार तथा वन विभाग को अपने राज्य में बाघ बढ़ाने मध्यप्रदेश की नितियों का अनुशरण करना चाहिए।

### सहमति के बाद भी विस्थापन नहीं कर पाए

उदंती-सीतानदी में बाघों की निर्बाध आवाजाही करने 34 गांव को शिफ्ट किया जाना है। उनमें से 15 गांव के लोगों ने वर्ष 2017 में विस्थापन प्रक्रिया के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है। इसी तरह से अचानकमार टाइगर रिजर्व के 19 गांव को शिफ्ट किया जाना है। उनमें से छह गांव की शिफ्टिंग हो गई है। अचानकमार में वर्ष 2020 तक अलग-अलग फेस में गांव शिफ्ट हो जाना था।

### यूएसटीआर में बाघ रीइंट्रोड्यूस किया जाएगा

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में दो वर्ष पूर्व 31 अक्टूबर 2022 को ट्रैप कैमरा में अंतिम बार बाघ को ट्रैप करने के साथ स्कैट मिला था। इसके बाद से क्षेत्र में बाघ होने के किसी तरह से प्रमाण नहीं मिले हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए उदंती-सीतानदी में एक मेल के साथ दो मादा बाघ फिर से रीइंट्रोड्यूस करने का प्रस्ताव है।

### घासीदास में तीन बाघिन ट्रांसलोकेट करने प्रस्ताव

गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व अंतर्गत सेंट्रल इंडियन लैंडस्कैप वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, संजय टाइगर रिजर्व एवं पलामू टाइगर रिजर्व से माइग्रेट करने वाले बाघों का विचरण कोरिया, सूरजपुर में हो रहा है। वर्तमान में यहां छह बाघों के विचरण करने की पुष्टि हुई है। इसे देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से तीन मादा बाघ ट्रांसलोकेट कर गुरु घासादीस टाइगर रिजर्व लाने प्रस्ताव तैयार किया गया है।

## कांग्रेस की चुनाव समिति में जेल में बंद देवेंद्र यादव को भी किया गया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र समिति तथा प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा कर दी है।



जारी सूची में जेल में बंद देवेंद्र यादव भी को चुनाव समिति में रखा गया है। कई दिग्गज नेताओं का नाम इसमें शामिल है। बताया जा रहा है कि यही समिति निकाय चुनाव के लिए घोषणा-पत्र तैयार करेगी। एआईसीसी से जारी आदेश के मुताबिक घोषणा पत्र समिति का संयोजक वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा को बनाया गया है। समिति में मोहम्मद अकबर, गुरु रूद्रकुमार, अनिला भेडिया, अमितेष शुक्ल, अरुण वोरा, एजाज ढेबर, अजय तिर्की, राजकिशोर प्रसाद, हेमा देशमुख और नंदलाल देवांगन शामिल हैं।

इसी तरह प्रदेश नगरीय निकाय चुनाव समिति में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, एसएस संपतकुमार, जरिता लैतलफांग, विजय जागिड़, ताम्रध्वज साहू, फूलोदेवी नेताम, रविन्द्र चौबे, राजेश तिवारी, देवेंद्र यादव, मलकीत सिंह गैदू, मोहन मरकाम, धनेन्द्र साहू, शिव डहरिया, जयसिंह अग्रवाल और उमेश पटेल शामिल हैं। वहीं, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष को भी शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप



### वनकर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण, अलंकरण समारोह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वनकर्मचारी संघ का गुरुवार को दीनदयाल ऑडोटोरियम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। साथ ही डिप्टी रेंजर से रेंजर के पद पर प्रमोट हुए वनकर्मचारियों का स्टार अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने नव निर्वाचित प्रांताध्यक्ष अजीत दुबे तथा उनकी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। इसके साथ ही डिप्टी रेंजर से रेंजर बने वनकर्मियों को मंत्री ने शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए वन तथा वन्यजीव संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ठ अतिथि पीसीसीएफ तथा वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव तथा पूर्व प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा के आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष सामंतराय, विनोद मिश्रा, पवन पिल्ले, दीपक तिवारी तथा अन्य प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### चुनाव करीब है, तब हो रही कार्रवाई



**रायपुर।** पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा, कवासी मंत्री थे तब से मामला चल रहा है, उस समय क्यों कार्रवाई नहीं की गई। अब जब चुनाव करीब है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इससे साफ है कि कांग्रेस के नेताओं को बदनाम करने का षडयंत्र ईडी के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, पूर्व सीएम भूपेश बघेल तो पहले से ईडी के टारगेट में रहे हैं। ऐसा माहौल बन गया है कि लोग बात करने में घबराते हैं। लोग आकर कहते हैं मैं भी किसी के खिलाफ कुछ न कहूं। इससे समझा जा सकता है कैसा वातावरण बना है। नगरीय निकाय चुनाव को टीएस सिंहदेव ने कहा, हमें तो डर है कि भाजपा चुनाव ही नहीं कराना चाहती। 1983 में पटवा शासन में भी 10 वर्षों तक चुनाव नहीं हुए थे। कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है, पर चुनाव तो हो। उन्होंने साफ कहा कि राज्य सरकार किसी न किसी बहाने चुनाव को लगातार टालते जा रहे हैं, इससे यह शंका हो रही है।

### 16.41 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बोनी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 16.41 लाख हेक्टयर क्षेत्रों में चना, गेहू, मटर, अलसी, सरसों, मक्का, रागी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, जो कुल बोनी का 85 प्रतिशत है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर खरीफ सीजन की तरह रबी सीजन के लिए भी अल्पकालीन कृषि ऋण का भी प्रावधान किया गया है। अब तक किसानों को रबी फसल के लिए 336 करोड़ रूपए की ऋण राशि प्रदाय किया जा चुका है। रबी फसल के लिए इस वर्ष 2.89 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 1.63 लाख क्विंटल बीज का भण्डारण कर 1.46 लाख क्विंटल बीज वितरित किया गया है, जो भण्डारण का 90 प्रतिशत है। इसी प्रकार रबी फसल के लिए राज्य में 4.65 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण करने का लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5.58 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण कर 2.20 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया है जो कुल भण्डारण का 39 प्रतिशत है।

# जिला पंचायत चुनाव में ओबीसी को नेतृत्वविहीन करने का षडयंत्र : धनेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जिला पंचायतों के चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रही सियासत के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने कहा है कि जिला पंचायतों में ओबीसी वर्ग को नेतृत्वविहीन करने का षडयंत्र किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि मौजूदा सरकार द्वारा लागू की गई आरक्षण की व्यवस्था को निरस्त करते हुए पूर्व कांग्रेस सरकार के समय की आरक्षण व्यवस्था को लागू किया जाए।

धनेन्द्र साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ के कुल 33 जिला में पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर पिछड़ा वर्गो के लिए आरक्षण नही किया गया है । यह भाजपा का पिछडा वर्ग के लिए किया गया घोर निंदनीय कृत्य है । कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार भाजपा पर हमेशा आरोप लगा रही है कि इनका नीति आरक्षण समाप्त करने की ओर बढ रही है



। वर्तमान आरक्षण रोस्टर में यह जिला पंचायत में पिछडा वर्ग को आरक्षण नही दिया जाना,इससे सिद्ध होता है । छत्तीसगढ में लगभग 52 प्रतिशत ओबीसी की जनसंख्या है । इसके बावजूद भी भाजपा सरकर द्वारा जानबूझकर पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से बाहर रखा गया है । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी एक वक्तव्य में कहा था कि पिछड़े वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, जबकि जिला पंचायत जैसी महत्वपूर्ण संस्था में एक भी पद अध्यक्ष के लिए आरक्षित नहीं किया गया।

# पॉवर कंपनी एक श्रेणी में पहले, दो में दूसरे स्थान पर



**रायपुर।** इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 25वें रेगुलेटरी एंड पॉलिसी मेकर्स रिट्रीट में सीएसपीजीसीएल (छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी) को एक श्रेणी में पहला तथा 2 श्रेणियों में दूसरा स्थान मिला है। विभिन्न श्रेणियों के लिए दिए गए लगभग 50 पुरस्कारों में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव भी छत्तीसगढ़ को मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रमुख सचिव ऊर्जा सुबोध कुमार सिंह ने इन उपलब्धियों के लिए राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा, सुशासन की अवधारणा को जमीनी हकीकत बनाने में कंपनी कर्मियों का योगदान सराहनीय है। यह सिलसिला नई उपलब्धियों के साथ लगातार जारी रहना चाहिए। सुबोध सिंह के हाथों से जनरेशन कंपनी के एमडी एसके कटियार ने पुरस्कार ग्रहण किया। कर्नाटक राज्य के बेलगाम शहर में यह आयोजन किया गया था, जिसमें देश के पॉवर सेक्टर में कार्यरत कई केंद्रीय एवं राज्य उपक्रमों के साथ ही विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# भागवत संविधान को नहीं मानते, उनका बयान आजादी की लड़ाई लड़ने वाले भारतीयों का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के राम मंदिर निर्माण के बाद आजादी मिलने वाले बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संघ प्रमुख के साथ भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, मोहन भागवत का यह बयान स्पष्ट करता है कि वे संविधान को नहीं मानते हैं। यह बयान आजादी की लड़ाई लड़ने वाले लाखों भारतीयों का अपमान है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के साथ नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता में संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर कहा, यह स्पष्ट करता है कि वो संविधान को नहीं मानते हैं। राहुल गांधी ने कल इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अगर यह बात दुनिया के किसी दूसरे देश में कही गई होती, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी होती। उसे गिरफ्तार कर लिया गया होता, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। मोहन भागवत और उनके संगठन के लोग संविधान के बारे में समय-समय पर बयान देते रहते हैं। इससे स्पष्ट हो जाता है कि वो संविधान को नहीं मानते, संविधान को बदल देना चाहते हैं।

### भूपेश बोले- हमें न सिखाएं देशभक्ति



श्री बघेल ने कहा, इसलिए जो हमारी लड़ाई है, केवल आरएसएस या बीजेपी से नहीं, बल्कि जो संगठन को कब्जा कर लिए हैं, जो हमें न्याय दिलाती है, जो हिंदुस्तान की जनता को न्याय दिलाती है, उस पर कब्जा कर लिए हैं, उसके खिलाफ भी हमारी लड़ाई है। इसको लगातार ये लोग दूसरे ढंग से परिभाषित और व्याख्या करने की कोशिश कर रहे हैं, जो निंदनीय है। कम से कम आरएसएस और बीजेपी के लोग कांग्रेस के कार्यकर्ताओं-नेताओं को देशभक्ति का पाठ ना पढ़ाएं. हमें ना सिखाएं कि देशभक्ति क्या है।

### राहुल के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया

अभी राहुल गांधी ने बयान दिया, उसको तोड़-मरोड़ कर ये लोग गलतबयानी कर रहे हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 में राज का अर्थ उसके संस्थानों के रूप में परिभाषित की गई है। अब जितने भी जो न्याय, समानता और लोकतंत्र की रक्षा करने की जिम्मेदारी इन संस्थानों की है, उस पर ये लोग कब्जा कर लिए हैं। जिस प्रकार से ईडी, आईटी, सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है, इसलिए राहुल गांधी ने कहा कि हमारी लड़ाई इन संगठनों से भी है, स्टेट का मतलब ही यही है।

# नितिन बोले- आबकारी घोटाले का मास्टर माइंड भी नहीं बचेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला केस में ईडी द्वारा पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार किए जाने पर कहा, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जिस प्रकार से एक आदिवासी को मोहरा बनाकर शराब घोटाला किया है, उससे यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी के प्रति उनकी सोच क्या है। लगता तो यही है कि अपराध एक आदिवासी पूर्व आबकारी मंत्री द्वारा किया गया है, लेकिन मास्टरमाइंड तो अभी पीछे बैठा है। कानून इतना मजबूत है कि उस मास्टरमाइंड को भी जरूर पकड़ेगा। मास्टरमाइंड कतई नहीं बचेगा। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव के लिए रायपुर पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री नवीन ने विमानतल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, भूपेश बघेल यह अच्छी तरह समझ लें कि शराब घोटाले में संलिप्त कोई भी आरोपी बिल्कुल नहीं बचेगा, चाहे वह कोई भी हो। एक आदिवासी को मोहरा जरूर बनाया गया है, लेकिन इस अपराध का जो असली जनक है, कानून वहां तक भी पहुंचेगा। श्री नवीन ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध कहने पर भूपेश बघेल पर पलटवार करते हुए कहा, दो हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला कांग्रेस शासन के समय ही तो सामने आया था और केंद्रीय एजेंसियां कई बार तो उनके पास भी रही हैं। विभिन्न राज्य सरकारों में जांच एजेंसियां रही हैं। डॉ. रमन सिंह की सरकार जाने के बाद भूपेश बघेल बड़ी-बड़ी बाते करते थे, हम यह करेंगे, वह करेंगे। लेकिन 5 साल तक सरकार में रहते हुए वह क्यों कुछ नहीं कर पाए। उनके पास भी स्थानीय स्तर पर जांच एजेंसियां थीं। लेकिन उनके पास तथ्य नहीं थे और आज तथ्य हैं। इसीलिए घोटालों में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई हो रही है।



## ईवीएम जांच के बाद जिलों से लेंगे रिपोर्ट

# नगरीय निकाय चुनाव तैयारी की समीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की शुक्रवार को बड़ी बैठक होगी। इस दौरान नगर पालिका और त्रिस्तरीय पंचायत की चुनावी तैयारी को लेकर समीक्षा होगी। नया रायपुर स्थित सेक्टर 19 अटल नगर में आयोजित बैठक में निर्वाचन आयोग के बड़े अधिकारी बैठक में शामिल होंगे।

इधर सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में ईवीएम का एफएलसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे।




आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार राज्य के सभी जिलों के नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में 12 जनवरी से शुरू की गई। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम की जांच में मशीनों के तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा की गई, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या न हो। सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ इस प्रक्रिया में शामिल हुए। नगरीय निकाय चुनाव के तहत राज्य में नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में चुनाव होना है। जिले में उपलब्ध सभी ईव्हीएम को एफएलसी के बाद स्ट्रांग रूम में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार संधारित रखने कहा गया है।

### कल होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

राज्य निर्वाचन आयोग नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के मतदाता सूची का 18 जनवरी को अंतिम प्रकाशन करने जा रहा है। सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

### छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव तारीख की घोषणा जल्द

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। नगरीय निकाय, जनपद से लेकर ग्राम पंचायत के पदों का आरक्षण पूरा हो गया है। अब राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन की तिथि 18 जनवरी घोषित किया है। बताया जाता है कि फरवरी में नगरीय व पंचायत चुनाव एक साथ करा लिये जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### संजय बने नगर पंचायत कूंरा के पर्यवेक्षक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनजर नगर पंचायत कूंरा के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सिंह ठाकुर को पर्यवेक्षक बनाया है। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार पर्यवेक्षक जिला व ब्लॉक कमेटियों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल क्षेत्र का दौरा कर कांग्रेसजनों की बैठक लेंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि सभी से बात कर शीघ्र ही बैठक करेंगे तथा जरूरत अनुसार दावेदारों से अलग-अलग मुलाकात के बाद परीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंपेंगे।

### डेढ़ करोड़ से अधिक धनराशि से बनेगा जोरा का पक्का बाजार

**रायपुर।** डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक धनराशि से जोरा का पक्का बाजार बनाया जाएगा। वर्तमान में पक्का बाजार बनाने के लिए श्री साईं दर्शन आवासीय समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी साईंनगर जोरा के नेतृत्व में सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर अपील की गई, जिस पर सांसद ने सहमति जताते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा था। डेढ़ करोड़ की धनराशि के प्रस्ताव पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### आठवां वेतन आयोग गठित प्रधानमंत्री का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रधानमंत्री को 8वें वेतन आयोग की मंजूरी देने के लिए धन्यवाद प्रेषित करते हुए आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि प्रदेशभर के कर्मचारी विभिन्न माध्यमों से प्रधानमंत्री से 8वें वेतन आयोग गठित करने की मांग कर रहे थे। आज केंद्र के निर्णय से प्रदेशभर के कमचारियों में खुशी की लहर है।

# कनेक्शन प्रीपैड होने पर बिजली उपभोक्ताओं को 300 दिनों में देना होगा बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक साढ़े नौ लाख मीटर बदले जा चुके हैं। इस साल सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोस्टपैड से प्रीपैड हो जाएंगे। ऐसा होने से पॉवर कंपनी को बकाया से मुक्ति मिल जाएगी। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, उनको किस्तों में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी, इसके लिए उपभोक्ताओं को 300 दिनों का समय देने की योजना है। अगर कोई उपभोक्ता 300 दिनों के बाद भी बकाया का भुगतान नहीं करता है, तो फिर उनका कनेक्शन कट हो जाएगा और रीचार्ज कराने पर बकाया होने के कारण बिजली नहीं मिल पाएगी। केंद्र सरकार ने देश के हर राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया है। इसका राजपत्र में भी प्रकाशन हो चुका है, ऐसे में कोई भी राज्य स्मार्ट मीटर लगाने से मना नहीं कर सकता है। अपने राज्य में इन मीटरों को लगाने का काम दे दिया गया है। प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम कर रही है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी मीटर लगा रही, बाकी संभागों में जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

## प्रदेश में अब तक लग चुके हैं 9.5 लाख स्मार्ट मीटर

### बकायादार बड़ी समस्या

अभी प्रदेश में जो बिजली के उपभोक्ता हैं, उनमें से करीब दस लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली बिल बकाया है। इन उपभोक्ता का बकाया दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। कोरोना काल में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल जमा न करने वालों की बिजली नहीं काटी गई थी। ऐसे में बकाया एक समय तो दो हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया था। बाद में लगातार वसूली से बकाया कम हुआ है। लेकिन 2023 में विधानसभा चुनाव के समय छह माह तक बिल जमा न करने वालों की बिजली कट नहीं गई थी, ऐसे में बकाया अब फिर से करीब दो हजार करोड़ हो गया है। बकायादारों में लाखों की संख्या में बीपीएल उपभोक्ता भी हैं। इन्होंने बरसों से बकाया जमा नहीं किया है, लेकिन इनकी बिजली कभी कटती नहीं है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। बीपीएल के बकायेदारों से वसूली बड़ी समस्या होगी।



### ज्यादा बकाया भी एक समस्या

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लिए कम राशि वाले बकायादार कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हर उपभोक्ता का दो माह के बिजली बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जमा रहती है। जब स्मार्ट मीटर लगने के बाद कनेक्शन को प्रीपैड किया जाएगा तो कम राशि वाले बकायेदारों का बकाया सुरक्षा निधि से भी काट जा सकता है, जो पैसा बचेगा, वह वापस हो जाएगा। लेकिन जिनका बकाया सुरक्षा निधि के काटने के बाद भी बच जाएगा, उसकी वसूली के लिए पॉवर कंपनी ने 300 दिनों के अंदर किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देने की योजना तैयार की है।

### रील्स में उलझे रहते हैं छात्र

# अब साइंस कॉलेज शुरू करेगा अपना यू-ट्यूब चैनल, ताकि ऑनलाइन पढ़ें बच्चे

- व्यक्तिगत रूप से कई प्राध्यापक अपने यू-ट्यूब अकाउंट में अपलोड करते हैं वीडियो
- निशुल्क रूप से मौजूद रहेंगे व्याख्यान, अन्य संस्थान के छात्र भी ले सकेंगे लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अधिकतर वक्त ऑनलाइन रहने और इंस्टाग्राम में उलझे रहने वाले छात्र अब यू-ट्यूब के जरिए पढ़ाई कर सकेंगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में छात्रों के बढ़ते हुए रुझान को देखते हुए साइंस कॉलेज ने अपना यू-ट्यूब चैनल शुरू करने का फैसला किया है। इसमें महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों के व्याख्यान मौजूद रहेंगे। कोई भी छात्र किसी भी वक्त इसे देख सकता है। ना सिर्फ महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी, बल्कि दूसरे शैक्षणिक संस्थनों के छात्र भी इसका लाभ ले सकेंगे। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस पर काम प्रारंभ कर दिया है। छात्रों को कुछ माह के अंतराल में इसका लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित वीडियो भी इस यू-ट्यूब चैनल में मौजूद रहेंगे। सिलेबस में उल्लेखित सामग्री संबंधित व्याख्यान के अतिरिक्त शिक्षा में हो रहे बदलावों की भी जानकारी छात्रों को इसके माध्यम से मिल सकेगी। यू-ट्यूब चैनल का लिंक महाविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि छात्रों को इसे तलाशने में अधिक दिक्कत ना हो। यह संभवतः जिले का प्रथम महाविद्यालय है, जिसके द्वारा शिक्षण सामग्री के लिए इस प्रकार से पृथक यू-ट्यूब चैनल बनाकर प्रस्तुत किया जा रहा है।

### अभी शुरुआत

हम अपने यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से भी छात्रों को ज्ञान प्रदान करेंगे। अधिक से अधिक प्राध्यापकों को इससे जोड़ने की कोशिश की जा रही है ताकि हमारे विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर हो सके।
**- डॉ.अमिताभ बैनर्जी,** प्राचार्य, विज्ञान महाविद्यालय

### पृथक रूप से वीडियो अपलोड करते हैं प्राध्यापक

महाविद्यालय के कई प्राध्यापक ऐसे हैं, जो व्यक्तिगत रूप से अपने वीडियो बनाकर यू-ट्यूब चैनल पर अपलोड करते हैं। इसके वीडियो भी अध्ययन-अध्यापन संबंधित होते हैं। इन सभी प्राध्यापकों के वीडियो को एक मंच पर लाया जाएगा। ऐसे प्राध्यापक जिनका वर्तमान में यू-ट्यूब अकाउंट नहीं है, लेकिन वे महाविद्यालय के चैनल से जुड़ना चाहते हैं, उन्हें भी तकनीकी जानकारी देते हुए इसमें शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि कोरोनाकाल के बाद से छात्रों का स्क्रीन टाइम बढ़ा है। किताबों की जगह वे ऑनलाइन मटेरियल को प्राथमिकता देने लगे हैं। इन सभी चीजों को देखते हुए महाविद्यालयों द्वारा नया प्रयोग किया जा रहा है।

### विरोध में बीएड शिक्षकों ने झाड़ी सड़कें

# नौकरी से निकाले गए सहायक शिक्षकों ने तूता धरना स्थल पर चलाया स्वच्छ भारत अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेवा सुरक्षा एवं समायोजन की मांग को लेकर लगातार विगत एक माह से धरना प्रदर्शन कर रहे बीएड सहायक शिक्षकों ने गुरुवार को धरना स्थल पर झाड़ू लगाई। उन्होंने अनोखे तरीके से शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए स्वच्छ भारत अभियान चलाया और अपने धरना स्थल को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अभियान में लगभग 1000 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और धरना स्थल की सफाई की। शिक्षकों का कहना है कि



यह कदम न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास है, बल्कि शासन-प्रशासन को यह संदेश देने का भी कि वे अपनी मांगों के लिए अनुशासन और जिम्मेदारी से संघर्ष कर रहे हैं।

### जारी रहेगा आंदोलन

शिक्षकों के समायोजन के लिए बनाई गई कमेटी द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके हैं। शासन के समक्ष किसी तरह का प्रस्ताव पेश करने में भी वे असफल रहे हैं। ज्ञात हो कि बीएड सहायक शिक्षक अपनी सेवा सुरक्षा को लेकर कई रचनात्मक और प्रभावशाली प्रदर्शन कर चुके हैं, जिनमें सामूहिक मुंडन, यज्ञ-हवन, जल सत्याग्रह, सामूहिक अनशन और दंडवत प्रणाम जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। शिक्षकों ने दोहराया कि उनकी मांगें पूरी होने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से जल्द उनकी सेवा सुरक्षा और समायोजन को लेकर ठोस निर्णय लेने की अपील की।

## पेज 11 के शेष

### ऊर्जा पार्क के तालाब...

वाली गंदगी नालों के जरिए पहुंच गई है। अब हाल यह है कि गंदे पानी से साफ तालाब जलीय जीव के लिए जहरीला बन गया है। 25 साल में पहली बार नौकायन के लिए बने तालाब का पानी बेहद काला हो गया है, जिसके ऊपर गंदगी बिछी हुई है। पानी गंदा होने के बाद अब उसमें बदबू आनी भी शुरू हो चुकी है, जिसके आसपास रहना भी मुश्किल है। इस वजह से अब लोग नौकायन से दूरी ही बना रहे हैं। वर्तमान में यह पानी छूने लायक भी नहीं है। हरिभूमि की टीम ने इसकी पड़ताल की, तो पता चला, बीते 3 सप्ताह से तालाब के पानी का रंग पूरी तरह से बदल गया है।

इस तालाब में सीधे नाले का पानी पहुंच रहा है, जिसमें रोजाना आसपास के दर्जनभर होटल व कैफे से निकलने वाला कचरा डाला जा रहा है। केयरटेकर ने बताया कि तालाब के पानी का रंग 12 महीने पीले रंग का हुआ करता था, जो दिखने में भी साफ होता था। जब से नालों का गंदा पानी आना शुरू हुआ है, पानी काला हो चुका है। इस वजह से कई लोगों का सुबह के वक्त यहां आना कम होने लगा था। आसपास के होटलों का कचरा बड़ी मात्रा में नालों पर डाला जा रहा है।

### पाइप से नालों में...

कचरा डालने फेंकने के लिए होटल संचालकों ने पाइप लाइन बिछाया हुआ है, जिससे सीधे कचरा व गंदा पानी नालों तक पहुंच रहा है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि कचरा उठाने के लिए रोजाना गाड़ी जाती है, लेकिन सुबह के वक्त ज्यादातर होटल बंद होते हैं। इस वजह से होटल संचालक पूरा कचरा नाले में ही डाल रहे हैं।

### तालाब की मछलियां...

हैं। तालाब के गंदा होने से ऊर्जा पार्क की खूबसूरती भी खत्म होती जा रही है। पानी के आसपास लोगों को गंदी बदबू भी आने लगी है। इस वजह से अब कई लोग नौकायन नहीं कर रहे हैं। फाउंटेन में भी अब पानी गंदा दिखाई देने लगी है।

### शिकायत के बाद भी...

को भी मिल चुकी है, लेकिन इसके बाद भी इसे साफ करने या फिर नालों में गंदगी डालने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई है। हरिभूमि से बातचीत में जिम्मेदारों ने कहा कि नाले के पानी से गंदा हुआ तालाब को पानी निकालकर साफ किया जाएगा। इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है।

### परीक्षा पे चर्चा में...

हॉल आयोजित होना प्रस्तावित है। ऑफिशियल डेट की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए चुने गए लगभग 2,500 स्टूडेंट्स को शिक्षा मंत्रालय द्वारा पीपीसी किट भी प्रदान की जाएगी। परीक्षा पे चर्चा का यह आठवां संस्करण है।

### नागालैंड और मेघालय....

है। आंतरिक हिंसा का सामना कर रहे मणिपुर के छात्रों, शिक्षकों और पालकों ने भी विशेष रुचि नहीं दिखाई। मणिपुर को 3 लाख 4 हजार छात्रों का लक्ष्य मिला था। यहां सिर्फ 1 लाख 27 हजार छात्रों ने ही परीक्षा पे चर्चा के लिए पंजीयन कराया।

### तालाब को पहले...

दौरान जेसीबी वाहन को भी जब्ती बनाया था। इस कार्रवाई के बाद निगम ने तालाब को सुरक्षित रखने के लिए अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है। यही कारण है कि ढाबा की गंदगी से तालाब विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है।

### कई ट्रक मिट्टी डालकर...

नंबर की एक जेसीबी मशीन को जब्त किया था। टीम ने तालाब के पहले एक बड़ा गड्ढा भी किया है, ताकि कोई वाहन तालाब तक जा नहीं सके।



## खबर संक्षेप



### कुशालपुर में महिलाओं को बांटे मजदूर कार्ड

**रायपुर।** कुशालपुर वार्ड क्रमांक 66 में गुरुवार को माताओं और बहनों को मजदूर कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला समूह की अध्यक्ष अमिता झा, अंजली साहू, सुषमा ठाकुर, खूबचंद देवांगन, धर्मेंद्र सेन, भगत पाठक आदि उपस्थित थे।

### महिला मानस समिति ने किया पौधारोपण



**रायपुर।** महिला मानस समिति द्वारा एम्स हास्पिटल के सामने टाटीबंध में प्रस्तावित गणेश मंदिर उद्यान में गुरुवार को पौधारोपण किया गया। इस स्थल पर गणेश मंदिर का निर्माण समिति द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है तथा मंदिर के साथ ही स्थल को सार्वजनिक उद्यान के रूप में विकसित किया जाना है। पौधारोपण करने वालों में मीना नरवरे, चंद्रकांता वंजारी, साधना कोरे, प्रभा मिश्रा, इंद्राणी पांडेय, रेखा यादव, मृदुला शर्मा, लता तिवारी, पुष्पा सोनी, कमला प्रसाद, इंदूबाला, मीना ठाकुर, बाला अग्रवाल, मंजू बोथरा और साधना श्रीवास्तव आदि शामिल थीं।

### महाराष्ट्रीयन तेली समाज का स्नेह सम्मेलन कल से

**रायपुर।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज रायपुर द्वारा दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं हल्दी कुमकुम का आयोजन किया गया है। समस्त खेल प्रतियोगिताएं सुबह 10 बजे से प्रारंभ होंगी, जिसमें बैंडमिंटन, कैरम, रंगोली, साबूदाने से बने व्यंजन, सामान्य ज्ञान, गायन, छोटे बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता होगी। रविवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी होंगे एवं अध्यक्षता मृत्युंजय दुबे पार्षद करेंगे।

# मनरेगा में फर्जीवाड़ा, 10 वर्षों से गांव में नहीं, ऐसे श्रमिकों के नाम भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवदा जनपद पंचायत में मनरेगा के तहत श्रमिकों को किए गए मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। रोजगार सहायक ने ऐसे श्रमिकों के नाम पर भी भुगतान कर दिया है, जो 10 वर्षों से गांव में ही नहीं रहते हैं, वहीं कई श्रमिक ऐसे भी है जो एक दिन भी मनरेगा का काम करने पहुंचे नहीं थे। इस तरह मस्टररोल में फर्जी श्रमिकों के नाम शो करके करीब 90 हजार रुपए का फर्जीवाड़ा किया गया है।

इस मामले की शिकायत के बाद जिला पंचायत रायपुर ने जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। इस कमेटी की जांच में शिकायत सहीं पाई गई। इधर जांच के बाद जिला पंचायत ने इस मामले में रोजगार सहायक के खिलाफ केस दर्ज नहीं करते हुए फर्जीवाड़ा की गई राशि की रिकवरी के लिए सिर्फ नोटिस जारी किया है।

## जांच कमेटी की रिपोर्ट में खुलासे के बाद रिकवरी का नोटिस जारी

### पूर्व सरपंच की शिकायत पर की गई कार्रवाई

गांव के पूर्व सरपंच रोशन मिश्रा ने मनरेगा के तहत फर्जी श्रमिकों के नाम पर भुगतान किए जाने की शिकायत जनपद पंचायत से लेकर जिला पंचायत एवं कलेक्टोरेट के जनदर्शन में की थी। इस शिकायत के बाद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जांच के निर्देश देते हुए कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी हरिकृष्ण जोशी, उप संचालक प्रभारी पंचायत आशीष सिंह, अनुविभागीय अधिकारी लक्ष्मीकांत गजेंद्र सिन्हा, मनरेगा के समन्वयक शिकायत निवारण मोहम्मद इश्त्याक सिद्धीकी को शामिल किया गया था। कमेटी ने जांच के दौरान गांव के सरपंच सहित अन्य पदाधिकारियों के अलावा मनरेगा में कार्य करने वाले ग्रामीणों से भी बातचीत कर सभी के बयान लिए। इन बयान के आधार पर शिकायत सही पाई गई।



फाइल फोटो

### रिकवरी के लिए नोटिस जारी

मनरेगा के कार्य में फर्जी श्रमिकों के नाम पर मस्टररोल बनाकर 80 हजार 751 रुपए का भुगतान किया है। कमेटी की जांच में शिकायत सहीं पाई गई है। इस मामले में सहायक रोजगार को पैसों के रिकवरी के लिए नोटिस जारी किया है।

**मोहम्मद इश्त्याक सिद्धीकी,** समन्वयक शिकायत निवारण मनरेगा व जांच कमेटी सदस्य

### 88 हजार 751 रुपए का फर्जीवाड़ा किया गया

जांच में पता चला कि सहायक रोजगार ने मनरेगा के तहत कार्य करने वाले 5 श्रमिकों के नाम पर मस्टररोल बनाया था। इनमें आशीष बघेल एवं उसकी पत्नी तुकेश्वरी बघेल जो पिछले 10 वर्ष से गांव में ही नहीं रहते है। इन दोनों के नाम पर 57045 रुपए का भुगतान किया है। आशीष के पिता धनाजी बघेल ने जांच कमेटी को अपने बयान में इसकी जानकारी दी है। इसके अलावा करण डहरिया के नाम पर 10391 रुपए, राकेश डहरिया 7381 रुपए एवं अरूण डहिरया के नाम पर 13934 रुपए का भुगतान किया गया है। इस तरह रोजगार सहायक ने कुल 88 हजार 751 रुपए का फर्जी तरीके से भुगतान किया है।

# बिना रॉयल्टी पर्ची के रेत का परिवहन, 12 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेत माफिया और उसके लोग लगातार रेत का अवैध उत्खनन कराकर परिवहन करा रहे हैं।

इधर कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग भी रेत के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसके तहत लगातार निरीक्षण कर टीम अवैध परिवहन में शामिल गाड़ियों को भी पकड़ रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को भी टीम ने रेत से भरी 12 हाईवा गाड़ियों को पकड़कर उनके मालिकों पर अर्थदंड लगाने की कार्रवाई की है।



### वाहन मालिकों पर लगाया 27-27 हजार जुर्माना

खनिज विभाग के उप संचालक केके गोलघाटे के मार्गदर्शन में विभाग की टीम ने उपरवारा, नयापारा, अभनपुर और खरोरा क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए 12 हाईवा गाड़ियों को पकड़ा। इन सभी गाड़ियों में रेत भरी हुई थी। इन सभी गाड़ियों के चालकों के पास रॉयल्टी की पर्ची नहीं मिली, जिसके बाद गाड़ियों को जब्ती बनाते हुए उनके मालिकों के विरुद्ध करीब 27-27 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। जुर्माना राशि का भुगतान करने के बाद ही जब्त गाड़ियों को छोड़ा जाएगा। यह कार्रवाई सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा के नेतृत्व में टीम ने की है।

# नगरीय निकाय चुनाव से पहले खुंटे ने छोड़ा कांग्रेस का हाथ प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पत्रकार वार्ता में बोले- पार्टी को दो बार सत्ता में लाने निभाई भूमिका



निकाय चुनाव से पहले ही प्रदेश कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीआर खुंट ने इस्तीफा दे दिया। इसके बारे में अधिकृत घोषणा करने के लिए वे मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब पहुंचे, जहां उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के 50 सालों में जिन कार्यों में अहम भूमिका निभाई, उसकी जानकारी दी। आगे बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद दो बार ही कांग्रेस पार्टी सत्ता में रही। दोनों बार सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई।

केन्द्र व राज्य की राजनीति में दखल रखने वाले पीआर खुंटे ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जिस भाव से भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुआ। पार्टी उसके अनुरूप अभी व्यवहार नहीं कर रही। बाबा साहेब अम्बेडकर के बताए रास्ते पर चलना दूभर हो गया है। दोनों पार्टियों ने मिलकर प्रदेश के विकास की रफ्तार को कम किया है। लोगों की सेवा के लिए कांग्रेस से जुड़ा, अब वह अवसर भी नहीं मिल रहा, इसलिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को त्याग पत्र दे दिया है। पत्रकार वार्ता का उद्देश्य अधिकृत घोषणा करना भी रहा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैंने पहले सीएम के रूप स्व. अजीत जोगी को ही नहीं, बल्कि भूपेश बघेल को भी सीएम बनाने में अहम भूमिका निभाई। अमित जोगी को पार्टी से बाहर भी किया।

### जल्द करूंगा बड़ी घोषणा

क्या घर वापसी करेंगे, इसका जवाब देने के बजाय उन्होंने कहा कि जल्द ही बड़ी घोषणा आप लोगों के बीच करूंगा। इसके लिए अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया है। इसके लिए उचित समय आने पर ही घोषणा करूंगा। वार्ता के दौरान उन्हें भाजपा में रहते हुए बिताए गए सुनहरे दिनों की याद भी आई। उन्होंने एक सांसद रहते हुए कार्यकाल पूरा होने से सालभर पहले ही इस्तीफा देते हुए कांग्रेस का दामन थाम लिया था। उन दिनों भाजपा ने उन्हें जिन-जिन बड़े पदों पर रहते हुए काम करने का अवसर दिया, श्री खुंटे ने उसे भी याद किया।

# पुलिस ने लगाई 50 बदमाशों की क्लास, इनमें ज्यादातर चाकूबाज के साथ मारपीट करने वाले गुंडे

■ अब तक ढाई सौ से ज्यादा बदमाशों की पुलिस लगा चुकी है क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस लगातार अभियान चलाकर बदमाशों की हाजिरी क्लास लगा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को गंज स्थित क्राइम ब्रांच में शहर के 50 से ज्यादा छंटे हुए बदमाशों की पुलिस ने क्लास लगाई।

हाजिरी दर्ज कराने आने वाले बदमाशों को पुलिस ने सख्त अंदाज में अपराध से दूर रहने चेतावनी दी है। साथ ही अपराध में संलिप्त पाए जाने पर बदमाशों को सख्ती से निपटने पुलिस ने चेतावनी दी है। पुलिस ने जिन बदमाशों की हाजिरी क्लास लगाई है, उनमें ज्यादातर चाकूबाज, मारपीट करने वाले आदतन बदमाशों के साथ हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं। हाजिरी क्लास लगाने के साथ पुलिस ने बदमाशो को कान पकड़कर उठक बैठक कराई। पुलिस ने ऐसे बदमाशों को भी हाजिरी करने तलब किया जो सोशल मीडिया में चाकू, तलवार, एयर गन, पिस्टलनुमा लाइटर गन सहित अन्य हथियारों के साथ फोटो, वीडियो व रील्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम आईडी में अपलोड कर दहशत फैलाने का काम करते हैं। रील्स बनाने के शौकीन बदमाशों को पुलिस ने सख्त अंदाज में चेतावनी देते हुए कहा कि जिन बदमाशों का सोशल मीडिया में दहशत फैलाने वीडियो अपलोड होगा, उनके खिलाफ कार्रवाई करने के साथ उनके सोशल मीडिया अकाउंट ब्लाक कराए जाने की पुलिस ने चेतावनी दी है।



## बिजनेस साइट

### श्री बालाजी रेडीमेड विंटर सेल को मिल रहा शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** श्री बालाजी रेडीमेड विंटर सेल को रायपुरियंस से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह सेल गढ़कलेवा के पास गुरु तेगबहादुर हॉल में चल रही है, जहां ब्रांडेड कपड़े बेहद सस्ते दामों पर मिल रहे हैं। सेल में हॉफ, फुल और डाउन शोल्डर प्रिंटेड कॉटन शर्ट, जैकेट, बॉयज/गर्ल्स लैगिज और लेडिज/जेंट्स जींस 99, 199 और 249 रुपए में उपलब्ध हैं। खासकर साड़ियों की डिमांड को देखते हुए कांजीपुरम, बनारसी और सिल्क साड़ियां भी आकर्षक कीमतों पर मिल रही हैं। इसके अतिरिक्त, जींस, बैगी, कार्गो और टी-शर्ट्स 499 रुपए में बिक रहे हैं। विंटर टॉप्स का ऑफर भी आकर्षक है, जिसमें 100 रुपए में 6 टॉप्स मिल रहे हैं। ब्रांडेड कुर्तियां और किड्स वियर की भी बड़ी रेंज उपलब्ध है। साथ ही घर के उपयोग की वस्त्र जैसे डोरमेट, टॉवल और चादरें भी बिक्री की जा रही हैं। यह सेल सीमित समय के लिए है, इसलिए ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन मौका है।

### अष्टविनायक हॉस्पिटल में प्री-मैच्योर जुड़वा नवजात शिशुओं का सफल इलाज



**रायपुर।** अष्टविनायक हॉस्पिटल में प्री-मैच्योर जुड़वा नवजात शिशुओं का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। रायपुर के सड्डू निवासी राकेश और उमा यादव ने अष्टविनायक हॉस्पिटल की डॉ. अर्चना रंजन से संपर्क किया। उमा गर्भवती हुईं और सोनोग्रॉफी में जुड़वा बच्चों का पता चला। उमा को समय से पहले प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। डॉ. अर्चना रंजन की देखरेख में दो प्री-मैच्योर और कमजोर बच्चों का जन्म हुआ, जिनका वजन मात्र 900 ग्राम था। शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश राय ने उन्हें गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती किया और लगभग 70 दिनों तक उपचार किया, जिससे बच्चों का वजन 2 किलो तक बढ़ा। इस इलाज में अष्टविनायक हॉस्पिटल के आधुनिक उपकरणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया, जिससे यादव परिवार की खुशी दोगुनी हो गई। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. रितेश रंजन, डॉ. अर्चना रंजन और डॉ. आकाश राय ने इस सफलता की जानकारी दी।

### श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च का प्लेसमेंट ड्राइव

**रायपुर।** रविशंकर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग नवा रायपुर में श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च पचेड़ा द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में रविशंकर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के 21 छात्रों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान एसआरयू के ट्यूटर डॉ. शिवांशु सुमन, नर्सिंग सुपरवाइजर चांदनी और ह्यूमन रिसोर्सेज मैनेजर वैष्णवी शिंदे, साथ ही रविशंकर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या अपर्णा सिंह भी उपस्थित रहीं। यह प्लेसमेंट ड्राइव साक्षात्कार के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें ओमप्रकाश त्रिपाठी, चांदनी मोरले और राकेश यादव समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।








# हैकरों ने साइबर सेल की इंस्टाग्राम आईडी की हैक

■ हैकरों ने साइबर सेल के इंस्टाग्राम में ऑनलाइन गैंबलिंग एप डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस की साइबर सेल का इंस्टाग्राम आईडी हैक करने का मामला सामने आया है। हैकरों ने गुरुवार को साइबर सेल की इंस्टाग्राम आईडी हैक करने के बाद आईडी में गैंबलिंग एप के साथ क्रिप्टो करंसी का विज्ञापन पोस्ट किया है। साइबर सेल की टीम अपने इंस्टाग्राम आईडी को रिकवर करने की कोशिश कर रही है। दोपहर तक साइबर सेल की टीम अपने इंस्टाग्राम आईडी रिकवर नहीं कर पाई थी।

हैकर साइबर पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर गैंबलिंग एप, क्रिप्टो करंसी का विज्ञापन जारी करने के साथ ही पुलिस की इंस्टा स्टोरी और फीड में एलन मस्क के नाम से पोस्ट किए हैं, जिससे यह प्रतीत हो कि वे विश्वसनीय हैं। इन पोस्ट के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी और आनलाइन गैंबलिंग प्लेटफार्म का प्रमोशन किया जा रहा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी गई है। जांच की जिम्मेदारी साइबर सेल को सौंपी गई है। इस घटना ने पुलिस विभाग की साइबर सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही आइडी को रिकवर किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों को भी आगाह किया गया है कि वे इस प्रकार की धोखाधड़ी वाले पोस्ट से सावधान रहें।





नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 17 जनवरी 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



सर्दियों में हाथ-पैरों की उंगलियां सूजन ...

## सिटी इवेंट

## 27 विधाओं में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति अंधविश्वास को दूर करने नाट्य मंचन




**रायपुर।** आस्था पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से लेकर आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी, बॉलीवुड एवं साउथ गीतों की 27 विधाओं में मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर पालकों एवं आगंतुकों का मन मोह लिया। इस दौरान राम सियाराम.., आई गिरी नंदिनी.., शिव तांडव.., व देश के जवानों के देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ी नाटक रहा, जिसमें साक्षरता और सफाई की आवश्यकता तथा अंधविश्वास दूर करने नाटक का मंचन किया गया । अंत में पुलवामा हमले में हुए शहीद वीर जवानों का नाटक प्रस्तुत करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### मनोरंजन के लिए आनंद मेला

स्कूल की प्राचार्या कु. सौम्या पटेल ने बताया कि न केवल बच्चों को शिक्षा दी जाती है, बल्कि उनके शारीरिक, बौद्धिक एवं समग्र विकास को ध्यान में रखकर समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिता, मनोरंजन के लिए आनंद मेले का आयोजन किया जाता है। हमारी संस्था शिक्षा में लगातार प्रगति के पथ पर चलते हुए कक्षा 9वीं से 12वीं तक उन्नयन करने जा रही है, जिसमें शासन के नियमानुसार संबंधित विषयों के लिए प्रयोगशाला, पुस्तकालय का भी प्रबंध किया जा रहा है।

## लाइव इवेंट

## पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य पर भी फोकस स्कूली बच्चों के टिफिन में हेल्दी फूड



**रायपुर।** स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ अब स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जा रहा है। बच्चों के टिफिन में पालक पराठा, इडली और उत्तपम जैसे हेल्थी डाइट दी जा रही है। आमतौर में स्कूलों में बच्चे पढ़ने-लिखने के साथ रहन-सहन के तौर-तरीके सीखते हैं, लेकिन शहर के कई स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य बेहतर बनाने डाइट फॉलो कराया जा रहा है। पैरेंट्स बच्चों के टिफिन में डे-वाइज लंच दे रहे हैं। मीटिंग में टीचर परिजनों को हर हफ्ते की डाइट चार्ट बनाकर देते हैं। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य के अनुसार भी बच्चों के डाइट दी जाती है । प्री-नर्सरी से 9वीं क्लास तक के बच्चों के लिए तैयार डाइट में सीजनली फूड के साथ हेल्दी खाना शामिल है।

### आसानी से पचता है उपमा पोहा, वेजिटेबल पुलाव

स्कूल की प्राचार्या रश्मि दुबे बताती हैं, बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। बच्चों को बेहतर फूड के साथ नियमित खानपान का तरीका सिखाते हैं, इसमें टिफिन में प्रतिदिन के खाने का डाइट चार्ट पैरेंट्स को देते हैं, जिसमें पराठा, पोहा, उपमा, सीजनल वेजिटेबल आदि डाइट फूड शामिल होते हैं। टिफिन के समय बच्चों के साथ टीचर भी लंच करते हैं और उनको हेल्दी फूड के फायदों के बारे में खेल-खेल में बताते हैं। प्री-नर्सरी से 9वीं क्लास तक के बच्चों के लिए डाइट चार्ट होती है।

### समय-समय पर स्पेशल हेल्दी फूड

डीपीएस स्कूल के प्राचार्य बताते हैं, हर हफ्ते पैरेंट्स मीटिंग होती है, जिसमें सीजनली वेजिटेबल पालक, मेथी, गाजर, गोभी जैसी सब्जियां और कोई एक ताजा फल, जो बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद होता है, टिफिन में देने की सलाह देते हैं। इसके अलावा नॉनवेज, ऑइली खाने, मैगी, फ्रेंच फ्राइज जैसे अनहेल्थी खाने बिल्कुल मना हैं। साथ ही मीटिंग में पैरेंट्स को समय-समय पर ओट्स, दलिया, ड्राई फ्रूट्स, बनाना शेक जैसे स्पेशल हेल्दी फूड टिफिन में भेजने की सलाह देते हैं।

### स्कूलों में आहार विशेषज्ञ की सलाह हो जरूरी

आहार विशेषज्ञ डॉ. श्वेता छाबड़ा कहती हैं, किसी भी स्कूल में बच्चों की डाइट चार्ट बनाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेना चाहिए, क्योंकि 3-5 साल के बच्चों के लिए सही डाइट प्लान बहुत जरूरी होता है। नर्सरी के बच्चों के खाने में प्रोटीन और कार्बोहाईड्रेट, जो फाइबर से भरपूर होना चाहिए। साथ ही उन्हें खाने में वैरायटीज देनी चाहिए, जैसे इडली के साथ कोई हरी सब्जी, दलिया में हलवा, उपमा, ड्राई फ्रूट्स आदि उनके डाइट चार्ट में शामिल करने चाहिए। इससे बच्चों में एनर्जी लेवल हाई रहता है, चिड़चिड़ापन नहीं आता है और बच्चा खुश रहता है।

## ऑटो एक्सपो में हर दिन गाड़ियों की लॉन्चिंग, पहले दिन होंडा और ऑडी लांच

# नई कार खरीदने फीचर्स के साथ सेफ्टी सिस्टम पर फोकस, पहले दिन हजार गाड़ियों की बिक्री

*वाहनों के शौकीन लोगों के लिए साइंस कॉलेज मैदान में 'ऑटो एक्सपो' की शुरुआत गुरुवार से की गई है। जहां बड़ी संख्या में ब्रांडेड कंपनियों की गाड़ियां लाई गईं। मैदान में मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स, टोयोटा, महिंद्रा, मर्सिडीज-बेंज, स्कोडा, फॉक्स वेगन कंपनी के लाखों, करोड़ों में गाड़ियां लाई गई हैं। एक्सपो में हरिभूमि की टीम पहुंची, जहां नए फीसर्च की सौ से अधिक गाड़ियां देखने को मिलीं। वाहनों के शौकीन नए फीचर्स के साथ सेफ्टी परपज पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। एक्सपो में सुबह से देर रात तक गाड़ियों के खरीदी-बुकिंग का सिलसिला जारी रहा।*

### नए फीचर्स में वाहनों की खरीदी

पहले ही दिन देर रात तक वाहनों की बिक्री और बुकिंग का सिलसिला जारी रहा। जहां लोग अपने परिजनों के साथ मनपसंद गाड़ियों की खरीदारी करते नजर आए। गौरतलब है कि एक्सपो के पहले दिन सभी स्टॉल पर देर रात 9-10 बजे तक खरीदारों की भीड़ देखने को मिली। जहां नई गाड़ियों के फीचर्स के आधार पर खरीदी की गई। एक्सपो में ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया शामिल रहे।



**रायपुर।** ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा 'ऑटो एक्सपो' की शुरुआत 16 जनवरी से की गई। एक्सपो में खास बात यह रही कि यहां रोजाना नए फीचर्स के साथ गाड़ियों की लॉन्चिंग की जा रही है, जिसकी बुकिंग कराकर दूसरे दिन गाड़ी डिलीवर की जा रही। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्सपो का उद्घाटन किया। साइंस कॉलेज मैदान में ऑटो एक्सपो में वाहनों की खरीदी पर आरटीओ शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट तय की गई। प्रदेश सरकार की योजना का लाभ उठाने एक्सपो के पहले दिन हजार से अधिक वाहनों की खरीदी की गई। उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू शामिल हुए।





राडा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी के बताया, ऑटो एक्सपो के पहले दिन 1000 से अधिक वाहनों की बिक्री की गई। उद्घाटन समारोह के बाद एक्सपो के पहले खरीदार संजय पंजवानी रहे, जिन्हें सीएम साय द्वारा चाबी भेंट की गई। एक्सपो में अंबिकापुर, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग, राजनांदगाव, जगदलपुर, रायपुर आदि जिलों के स्टॉल भी सजाए गए हैं। पहले दिन राडा एसोसिएशन द्वारा 5 लाख की राशि रोड सेफ्टी के लिए डोनेट की गई।

### होंडा-ऑडी के नए मॉडल की लॉंचिंग

ऑटो एक्सपो के पहले दिन होंडा एसपी-125 (ओबीडी 2बी) और ऑडी क्यू-7 मॉडल वाहनों की लांचिंग की गई। रोजाना 1-2 नए फीचर्स के साथ गाड़ियों को लॉन्च करने का सिलसिला जारी रहेगा। राडा एसोसिएशन ने 2-3 दिन में 5 हजार वाहनों की बिक्री तय की, वहीं एक माह के एक्सपो में 20 हजार से अधिक वाहनों के बिकने की उम्मीद है। अब तक होंडा एसपी-125 की 200 से अधिक बुकिंग और ऑडी क्यू-7 की 3 बुकिंग की गई। शुक्रवार को सभी वाहनों की डिलीवरी की जाएगी।

### स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स

होंडा एसपी-125 को स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स के साथ लॉन्च किया गया है। बाइक में राइडर्स के लिए 4.2 इंच का टीएफटी डिस्प्ले, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, होंडा रोड सिंक ऐप, नेविगेशन और वॉइस असिस्ट भी नए फीचर्स में शामिल है। इंजन को 5-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा गया है।

### ऑडी क्यू-7 में शानदार नए फीचर्स

ऑडी क्यू-7 की शुरुआती कीमत 89 लाख 70 हजार रुपए तय की गई है। 3.0 लीटर का वी6 टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन, 4-जोन ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, 360 डिग्री पार्किंग कैमरा, 8 एयरबैग, लेन डिपार्चर वॉर्निंग और स्टीयरिंग असिस्ट, एंबिएंट लाइटिंग, फोल्डेबल सीटें, क्रूज कंट्रोल, ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन जैसे 14 नए फीचर्स के साथ गाड़ी तैयार की गई है।

### ई-वाहनों में टाटा पहले नंबर पर

ऑटो एक्सपो के पहले दिन टाटा नेक्सॉन ईवी की बिक्री फोर व्हीलर में सबसे अधिक पसंद की गई। बुधवार को सौ से अधिक टाटा कंपनी के फोर व्हीलर वाहनों की बुकिंग कराई गई, वहीं महिंद्रा, एमजी कंपनी की गाड़ी दूसरे और तीसरे नंबर पर रहीं।

## सेना में जाने एसएलआर और डीलक्स चलाना सीख रहे एनसीसी कैडेट्स

**रायपुर।** इन दिनों सेना में भर्ती को लेकर एनसीसी कैडेट्स का रुझान बढ़ता जा रहा है। स्कूल और महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में एनसीसी में शामिल हो रहे हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य सेना में भर्ती होना और देशसेवा करना है। ऐसे में शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय परिसर में 27 सीजी बटालियन एसीसी द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार, एडम आफिसर ले. कर्नल प्रदीप कुमार और सूबेदार मेजर सत्यव्रत के मार्गदर्शन में कैडेट्स को राइफल प्रशिक्षण दिया जा रहा।



### एनसीसी के 150 कैडेट्स को दिया राइफल का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण शिविर में शहर के साइंस कालेज, दुर्गा कालेज, शा. हिंदू हायर सेकेण्डरी स्कूल, पुलिस पब्लिक स्कूल से 150 कैडेट्स शामिल हुए। एनसीसी अधिकारी ले. डॉ. रवि बजारे और सेकंड आफिसर राजीव वर्मा ने ट्रेनिंग संबंधित जानकारी साझा की। एनसीसी के ए, बी और सी सर्टिफिकेट परीक्षा में शस्त्र प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। वैपन ट्रेनिंग में कैडेट्स को राइफल 7.62 एसएलआर और 22 डीलक्स रायफल का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें फायरिंग, हथियार को खोलने और जोड़ने की प्रक्रिया, मैप रीडिंग, सैनिक नक्शा शामिल रहा। प्रशिक्षण सत्र मे सूबेदार मेजर सत्यव्रत, चेतना नायक, रविकांत, सूबेदार रविकुमार, हवलदार दिनेश सिंह, हवलदार सोनम तेनसिंग, संस्थान के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बेनर्जी शामिल रहे।

## बीमारी से बचाने बच्चों को कराया स्वर्णप्राशन, दवा का वितरण भी

**रायपुर।** पुष्य नक्षत्र पर बीमारी से बचाने बच्चों को बाल रक्षा किट वितरण के साथ स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान परिजन बच्चों को लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे। 16 जनवरी गुरुवार को पुष्य नक्षत्र तिथि के मौके पर आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग की ओर से निशुल्क स्वर्णप्राशन कार्यक्रम में 0 से 16 वर्ष तक के 2516 बच्चों को इसका लाभ दिया गया। कार्यक्रम स्वर्णप्राशन आयुष विभाग की संचालक इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जीआर चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में हुआ, जिसमें कौमारभृत्य विभाग की व्याख्याता डॉ. सत्यवती राठिया तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राओं का भी योगदान रहा।



### निशुल्क परीक्षण के साथ मिली दवा

कार्यक्रम में व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन और इम्युनिटी बढ़ाने 179 बच्चों को बाल रक्षा किट के साथ अन्य बीमारियों से रोकथाम के लिए बच्चों को विभाग की ओर से दवाई का वितरण किया गया। साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाई भी दी।

## सोने-चांदी के साथ टीवी-एसी की बिक्री में तेजी, देर तक खुल रहीं दुकानें

# मंगल मुहूर्त शुरू होते ही बाजार में बढ़ी रौनक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** खरमास खत्म होते ही बाजार में शादी-ब्याह के लिए खरीदारी करने दुकानों पर भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। फरवरी में होने वाली शादियों को लेकर सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा बाजार में रौनक बढ़ गई है। एक बार फिर से कार्ड छपाई का कार्य तेज हो चुका है। हिंदू परंपरा के अनुसार लोग खरमास में खरीदारी नहीं करते, लेकिन मकर सक्रांति के बाद अब लोग बाजार में पहुंचने लगे हैं। हरिभूमि ने गुरुवार को प्रमुख व्यावसायिक स्थल, बाजार का जायजा लिया। जहां इलेक्ट्रॉनिक आयटम में लोग टीवी, फ्रीज और वॉशिंग मशीन की मांग सबसे ज्यादा दिखी, वहीं ज्वेलरी में ब्राइडल फैंसी के साथ लाइटवेट ज्वेलरी के सेट ज्यादा ज्यादा पसंद आ रहे हैं। वहीं कपड़ा दुकानों पर लोगों की भीड़ सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है। लोग परिवार के साथ जमकर खरीदारी कर रहे हैं।



### इलेक्ट्रॉनिक सामान की एडवांस बुकिंग

कोतवाली स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के संचालक अभिनव बताते हैं कि शादी का क्रेज बाजार में दिख रहा है। बिक्री बढ़ गई है। शादी में सेटअप देने के लिए एडवांस में बुकिंग हो चुकी है। इस बार लोग बजट की जगह क्वालिटी को तवज्जो दे रहे हैं। 1 से 2 लाख तक के दहेज का सेट लोग बुक करा रहे हैं। दहेज का पूरा सेटअप 50 हजार से शुरू है। कूलर की जगह अब एसी और 32 इंच की जगह 43 इंच की एलईडी लोग खरीद रहे हैं। इसके अलावा अन्य इलेक्ट्रॉनिक आयटम जैसे वॉशिंग मशीन, फ्रिज, मिक्सर की बिक्री भी बढ़ गई है।

### शादियों में बढ़ा जोधपुरी सेट का चलन

कपड़ा कारोबारी अशोक गोलछा ने बताया कि खरमास खत्म होते ही लोगों में शादी को लेकर उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है। लोग परिवार के साथ जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इस बार रानी पिंक के साथ स्टोन वर्क वाले लहंगों का क्रेज है, जिसकी कीमत 5 हजार से शुरू है। सभी वर्क को लोग खरीद रहे हैं। इसके अलावा साड़ियों में सिल्क, नेट, वर्क और जरी वाली साड़ी महिलाएं ज्यादा पसंद कर रही है। दूल्हे में जोधपुरी सेट का चलन ज्यादा है। इसके अलावा प्रिंटेड शेरवानी भी चल रही है। पिछले साल की तुलना में इस बार 15-20 प्रतिशत ज्यादा का मार्केट हो चुका है। बाजार में देर रात तक खरीदी करने लोग पहुंच रहे हैं।

### सराफा में कुंदन-पोल्की सेट की डिमांड

गोलबाजार ज्वेलरी शॉप के संचालक जितेंद्र जैन गोलछा ने बताते हैं कि बाजार में एकदम से खरीदारी का रुझान अभी ज्यादा दिखाई नहीं दे रहा है, लेकिन उम्मीद के अनुसार लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। ज्यादातर ग्राहक जो खरमास नहीं मानते और खाली समय में खरीदारी पसंद करते हैं, वे लोग पहुंच रहे थे, लेकिन मकर सक्रांति से लोगों की भीड़ बाजार में बढ़ी है। इस बार कुंदन-पोल्की सेट की डिमांड दुल्हनों में सबसे ज्यादा है। फैंसी ज्वेलरी ब्राइडल के सेट भी पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा दुल्हन में लाइटवेट ज्वेलरी खरीद रहे हैं, जिसे रिसेप्शन के अलावा दूसरे कार्यक्रमों में भी पहन सकते हैं। वहीं हैवी ज्वेलरी में 110-120 ग्राम और लाइट में 15-20 ग्राम की ज्वेलरी ज्यादा बिक रही है। इस शादी के सीजन में 100-150 करोड़ का बाजार होने की उम्मीद है।



**सिटी लाइव**

## स्कूल में बना अंतरिक्ष और विज्ञान पार्क, वार्षिकोत्सव में दिखाया टैलेंट



**रायपुर।** श्री संजीवनी पब्लिक स्कूल दुर्गा नगर अम्लेश्वर में युवा दिवस के मौके पर वार्षिकोत्सव सृजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंडियन नेवी के कप्तान रहे। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के सदस्य हिमांशु शर्मा रहे। वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति देखकर लग रहा था कि विद्यालय के टीचर्स ने अपनी सारी लगन बच्चों को समर्पित कर दी। विद्यालय में इस साल वार्षिकोत्सव के अवसर पर रक्षा, अंतरिक्ष और विज्ञान पार्क का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें विद्यालय में फाइटर जेट, चंद्रयान-3 और विज्ञान के लगभग 12 मॉडल स्थापित किए गए।

### बच्चों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा

बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में ही बच्चों को निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती है, प्रत्येक महीने बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जांच होती है। इस कार्य में संस्था के डायरेक्टर डॉ. योगेश कुमार तिवारी व उनके संजीवनी ग्रुप ऑफ डॉक्टर का सहयोग है। प्राचार्या आस्था तिवारी ने बताया कि राजकुमारी चंद्रिका सेवा संस्थान द्वारा संचालित यह विद्यालय बहुत ही कम शुल्क में गांव के बच्चों को शहर के बड़े स्कूलों के जैसी व्यवस्था प्रदान करने की कोशिश कर रहा है।

**समाज लाइव**

## पंवार महासंघ की महिला कार्यकारिणी गठित, पदाधिकारियों ने ली शपथ



**रायपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय पंवार महासंघ की महिला कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ प्रदेश का शपथ ग्रहण समारोह और महिला स्वास्थ्य चर्चा सत्र का आयोजन रायपुर के वीआईपी क्लब हॉल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक स्वरूप में शंखनाद, श्रीगणेश स्तुति, सरस्वती पूजन, कुलदेवी मां गढ़कालिका की आरती और समाज के पूर्वज चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज के माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात आशा पटले द्वारा अतिथियों के सम्मान में मधुर स्वरों से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित 43 महिला पदाधिकारियों को मुख्य अतिथियों के हाथों से बैज लगाकर सम्मानित किया गया। महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रीति बिसेन द्वारा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विशाल बिसेन, राष्ट्रीय महासचिव खुशाल बीरबल कटरे और उपाध्यक्ष बिंदु ऋषि बिसेन के कुशल मार्गदर्शन में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

### सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहने का आव्हान

डॉ. प्रीति किशोर बिसेन ने पंवार समाज की पूर्व महिला कार्यकारिणी के योगदान को सराहा और उनका सम्मान किया। डॉ. प्रीति ने समाज की युवा पीढ़ी के विकास में अपनी क्षमताओं का उपयोग करने और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशीलाजी युवराज पटेल, सातनजी पृथ्वीराज बिसेन व वीणा रामकिशोर कटरे विशेष अतिथि के रूप में डॉ. प्रीति पटेल, डॉ. शिल्पा पवार और डॉ. श्रुति तुरकर शामिल हुईं। उर्वशी बिसेन द्वारा पोवारी बोली में धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। महासंघ प्रदेश महिला अध्यक्ष डॉ. प्रीति बिसेन द्वारा विभिन्न पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई, जिनमें उपाध्यक्ष संध्या रहांगडाले, सचिव मीना भगत, सहसचिव शिखा परधी और प्रियंका येड़े, कोषाध्यक्ष प्रीति भगत शामिल थीं।

**सिटी इवेंट**

## जरुरतमंद की मदद करने विद्यार्थियों ने किया रक्तदान




**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ प्रांत और छात्रसंघ चिकित्सा महाविद्यालय की ओर कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए रक्तदाताओं को संस्था की ओर से हरसंभव सहायता देने की बात कही, साथ ही नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ प्रांत को आगे भी सामाजिक कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर सभी छात्र-छात्राओं के इस योगदान को सराहा।

### समाजसेवा के लिए भी प्रतिबद्ध

कार्यक्रम में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन सचिव डॉ. पीयूष भार्गव ने कहा कि शिविर में रक्तदान करने वाले 121 छात्र-छात्राओं ने चिकित्सा सेवा के साथ साथ समाज के लिए अपना योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में शामिल होने वाले समाजसेवा के लिए भी प्रतिबद्ध होकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। इस अवसर पर 125 बार के रक्तदाता डॉ. अरविंद नेरल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें रक्तदान करने की प्रेरणा दी और अपना अनुभव बताया।

● गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ग्राउंड में जवानों ने शुरू की परेड रिहर्सल

# घुड़सवारी में जवान दिखाएंगे करतब, स्कूली बच्चों के नृत्य में आदिवासी संस्कृति की झलक

*राजधानी के पुलिस लाइंस में गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जवानों द्वारा सुबह-शाम परेड का रिहर्सल किया जा रहा है। रिहर्सल में छत्तीसगढ़ पुलिस, बीसीएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, जिला जेल बल, तेलगांना पुलिस, होमगार्ड व सीनियर एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। हरिभूमि ने गुरुवार को पुलिस ग्राउंड पहुंचकर 26 जनवरी के संबंध में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।*



**रायपुर।** सेनानी फोर्थ बटालियन माना के प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि जवानों द्वारा हर रोज सुबह 7.30 से 11.30 व शाम को 3.30 से 5.30 बजे तक रिर्हसल किया जा रहा है। इस गणतंत्र दिवस परेड में तेलगांना पुलिस के जवान शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा परेड में छत्तीसगढ़ पैरामिलिट्री के पुरुष व महिला विंग, सीनियर एनसीसी कैडेट्स, होमगार्ड, बीसीएफ, सीआरपीएफ और आईटीबीपी के जवान शामिल होंगे। राज्यपाल रमन डेका बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर 11.30 बजे समाप्त होगा।

### पाइप बैंड का अनोखा अंदाज

इस गणतंत्र दिवस पर पाइप बैंड का प्रदर्शन आर्कषण का केंद्र रहेगा। पुलिस ग्राउंड में हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर कुछ अलग करने का प्रयास रहता है। इस बार सीनियर एनसीसी कैडेट्स व छत्तीसगढ़ पुलिस महिला विंग को मिलाकर पाइप बैंड बनाया गया है। प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि पाइप बैंड कुछ अनोखे ढंग से अपनी परेड प्रस्तुत करेगा।





### 660 जवान और 31 घुड़सवार शामिल

*इस गणतंत्र दिवस की परेड में 660 जवान भाग लेंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस, बीसीएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, जिला जेल बल, तेलगांना पुलिस, होमगार्ड व सीनियर एनसीसी कैडेट्स रहेंगे। वहीं 31 जवान घुड़सवारी के माध्यम से परेड के दौरान करतब दिखाएंगे। इसके अलावा हर साल की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएंगी।*

### स्कूली बच्चे देखेंगे गणतंत्र दिवस की परेड

*गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान अतिथि व वीवीआईपी के साथ स्कूली बच्चे दर्शकदीर्घा में बैठेंगे। प्रफुल्ल ठाकुर बताते हैं कि परेड में स्कूली बच्चों को बुलाने का उद्देश्य उनके अंदर जवानों के प्रति सम्मान और आदरभाव बढ़ाना है। इसके इतर बहुत से बच्चों में परेड को देखते हुए पुलिस और सेना में जाने का ख्याल आएगा।*

## होटलों में मेहमानों को गांव का देशी स्वाद दे रहे मिट्टी के बर्तन

**रायपुर।** इन दिनों शहर के बड़े होटलों और रिसॉर्ट में देशी टच के लिए पांरपरिक मिट्टी के बर्तनों को प्रयोग किया जा रहा है। मैन्यू के लोकल फूड को देशी अंदाज में बनाया जा रहा है। मैन्यू के महंगे फूड मिट्टी के बर्तन में तैयार करने से टेस्ट में भी बदलाव हो रहा है, ऐसे में इसकी डिमांड सबसे अधिक की जा रही है। शेफ के अनुसार, खाने को ज्यादा स्वादिष्ट बनाने के लिए मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है। बर्तन में अर्थेंटिक टेस्ट के कारण सबसे अधिक ऑर्डर दिया जाता है। यह बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की पहली पसंद है। मिट्टी के बर्तन में तैयार भोजन पोषक तत्वों से पूर्ण होता है। स्वस्थ शरीर को ध्यान में रखते हुए लोग अब मिट्टी के बर्तनों की ओर बढ़ते जा रहे हैं। रोजमर्रा की जीवन में मिट्टी के बर्तनों में सब्जी, दाल, चावल पकाए जा रहे हैं। दुकान संचालक सोमेश कुंभकार ने बताया, मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करने का अपना अलग अंदाज है। नए बर्तन को साफ कर कुछ वक्त के लिए पानी में रखें। इसके बाद कम आंच पर गर्म करने के लिए रखें। पहले मिट्टी के मटकों का इस्तेमाल सबसे अधिक होता था, लेकिन अब लोग कढ़ाई, कुकर, गिलास की ओर बढ़ रहे हैं।





### बिरयानी और सब्जी तैयार कर रहे

रिसॉर्ट के शेफ राकेश राणा ने बताया, इन दिनों कस्टमर्स को देशी अंदाज में तैयार फूड सबसे अधिक पसंद आ रहे हैं। ऐसे में बिरयानी और स्पेशल सब्जियों को पकाने के लिए मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग किया जाता है। लोगों की डिमांड पर कुछ मेन्यू को मिट्टी के बर्तन में विशेष रूप से तैयार किया जाता है, ग्राहकों के अनुसार मिट्टी के बर्तन में सभी मसालों का अर्थेंटिक टेस्ट आता है।

### मिट्टी के बर्तनों का ऑर्डर

कुम्हार सूरज कुंभकार ने बताया, मिट्टी के बर्तनों की खरीदी बढ़ने लगी है। लोग घर पर मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग कम कर रहे, लेकिन होटल में इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है। होटल के सदस्य बड़ी संख्या में मिट्टी के बड़े बर्तनों का ऑर्डर देते हैं। एक बार में ही 100-200 की संख्या में खरीदारी की जाती है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** डॉ. योगिता यादव ने बताया, मिट्टी के बर्तनों में आयरन, कैल्शियम, सल्फर, मैग्निशियम, जिंक, पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसमें भोजन धीमी आंच पर पकाया जाता है। व्यस्त दिनचर्या में नियमित रूप से खानपान नहीं हो रहा, ऐसे में मिट्टी के बर्तन में तैयार भोजन पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद होता है।

## बाल विवाह से थम जाता है बच्चों का विकास, इसे रोकने जागरूकता जरूरी

**रायपुर।** बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह विकास बाधित करने वाली गंभीर समस्या है। इसके रोकथाम के लिए सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना होगा। इस कुप्रथा के दुष्परिणामों से लोगों को बचाने के लिए बेहतर प्रयास करने पर जोर देते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि लोगों को इस बात का एहसास कराना होगा कि बाल विवाह से बेटे-बेटियों का विकास प्रभावित होता है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए भी प्रभावी तरीके से प्रयास करना होगा। बाल विवाह रोकने के लिए किस तरह के प्रयास होने चाहिए, इस विषय पर मंथन करने के लिए न्यू सर्किट हाउस में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां उक्त बातें कलेक्टर डॉ. सिंह ने कही।



### शिकायत की तुरंत करें जांच

उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए और बेहतर प्रयास करने होंगे। "बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान" के तहत बाल विवाह की रोकथाम के लिए पहल करने वाले कार्यशाला में भी शामिल हुए। बाल विवाह की शिकायत संज्ञान में आने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के लिए संबंधित स्थान पर बाल विवाह प्रतिषेध टीम को भेजकर उम्र को प्रमाणित करने वाले दस्तावेजों का अवलोकन करने कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय कार्यशाला में कहा कि शिकायत सही पाए जाने की स्थिति में त्वरित कार्यवाही करें।

### दें अधिनियम की जानकारी

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने "बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान" बाल विवाह रोकथाम के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान से अवगत कराया। साथ ही राज्य में बाल विवाह रोकथाम के लिए "बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006" की जानकारी दी गई। लोगों को सजग करने के लिए सजा के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सोनल कुमार गुप्ता, नंदलाल चौधरी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

**जागरूक उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने अपने अधिकारों की लड़ रहे हैं लड़ाई**

**कार्नर न्यूज**

## उपभोक्ता आयोग में धोखाधड़ी के केस अधिक जागरुकता से अब 100 के लिए भी शिकायत

**रायपुर।** उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने और न्याय दिलाने के लिए उपभोक्ता आयोग है। लोग उपभोक्ता कानून को लेकर सजग हो रहे हैं। वहीं ई-दाखिल को अब अपडेट कर ई-जागृति कर दिया गया है। इससे उपभोक्ता को अपने मोबाइल पर ही सारी जानकारियां मिलने लगी हैं।

हरिभूमि टीम उपभोक्ता सेवा दिवस पर राज्य व जिला उपभोक्ता आयोग पहुंची। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा ने बताया कि इन दिनों लोग बिक्री, खरीदी, बीमा, बैंक, बिल्डर्स, रेलवे, मेडिकल, ई-कॉमर्स संबंधी मामले की सुनवाई के लिए आते हैं। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सदस्य निरूपमा प्रधान बताती हैं कि कई बार हमारे ऐसे मामले आते हैं, जिनमें कंपनियों द्वारा सामान का विज्ञापन दूसरा दिखाया जाता है और दिया दूसरा जाता है। उपभोक्ता के पास खरीद रहे सामान के बारे में सबकुछ जानने का अधिकार है। यदि सुनवाई के दौरान विरुद्ध पक्षकार सम्मन देने के 45 दिन के भीतर नहीं हाजिर होता तो इस स्थिति में एकपक्षीय आदेश दिया जाता है और जवाब देने का अधिकार खो बैठता है। लोग जागरूक होने से मामले बढ़ रहे और उचित न्याय मिल रहा है।

**उपभोक्ता सेवा दिवस आज**



### बीमा कंपनी को देने पड़ेंगे पौने तीन लाख

खुर्सीपार भिलाई निवासी बलदेव सिंह ने अपने ट्रक का बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड व एक्सिस बैंक से कराया। रायपुर से उनका सरिया से लदा वाहन चोरी हो गया। इस प्रकरण में खलासी भी फरार हो गया। बलदेव बीमा क्लेम के लिए कंपनी गए, जहां टालमटोल कर उन्हें चलता कर दिया गया। न्याय की तलाश में बलदेव राज्य उपभोक्ता आयोग पहुंचे और उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। आयोग ने बीमा कंपनी को शिकायतकर्ता बलदेव को 27 लाख बीमा, 6 प्रतिशत ब्याज की दर से देने को कहा। साथ मानसिक कष्ट के लिए 50000 और अधिवक्ता व वाद व्यय के लिए 10000 रुपए देने का आदेश दिया।

### 117 रुपए के बदले देना पड़ा 4000 हर्जाना

जिला आयोग में एक दिलचस्प मामला सुनवाई के लिए आया, जिसमें शिकायतकर्ता समीप गर्ग ने 117 रुपए का सामान अनंतरा मार्ट से खरीदा। जिसे उसने खोला नहीं था, समीप उस सामान को वापस करने मार्ट में पहुंचे, दुकानदार सामान वापस लेने से इंकार कर रहा था। सुनवाई के लिए समीप आयोग गए और उन्होंने केस फाइल किया। विरुद्ध पक्षकार सम्मन के बाद भी पेश नहीं हुआ। एकपक्षीय आदेश देते हुए आयोग ने मार्ट को सामान लौटाने को कहा। साथ ही शिकायतकर्ता समीप को मानसिक कष्ट के लिए 2000 और अधिवक्ता व वाद व्यय के लिए 2000 रुपए देने का आदेश पारित किया।

### घर जाकर विरुद्ध पक्षकार ने किया आरसी सत्यापन

शिकायतकर्ता उमेश पटेल निवासी डाक सहायक परिमंडल कार्यालय जिला आयोग पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्राण्ड मोटर्स लोधीपारा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उनकी बाइक का आरसी किसी दूसरे के नाम पंजीकृत था, जिसकी वजह से उमेश बीमा का नवीनीकरण नहीं करा पा रहे थे। थक-हार कर वे आयोग पहुंचे और विरुद्ध पक्षकार ने घर जाकर वाहन का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही नाम पंजीयन रजिस्टर में दर्ज किया। इसके अलावा विरुद्ध पक्षकार को शिकायतकर्ता को मानसिक कष्ट के लिए 15000 और अधिवक्ता व वाद व्यय के लिए 2000 रुपए देने का आदेश जारी किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** 69वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024-25 बालक एवं बालिका दिनांक 17 से 21 जनवरी तक नारखेर, नागपुर, महाराष्ट्र में आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं महाराष्ट्र बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की टीम में भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव वाय राजा राव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ बालक एवं बालिका टीम गठित की गई है। जिसमें बालक वर्ग कुणाल साहू कप्तान, महेश कुमार, गौरव दास मानिकपुरी सभी भिलाई इस्पात संयंत्र, राज पटेल तामन यादव बलोदा बाजार, विनय कुमार दुर्ग, बंटी चंद्रवंशी कबीरधाम, दीपक कोरे बस्तर, हिमांशु तिवारी महासमुंद, रोहन चौधरी रायपुर, मैनेजर देवमणि साहू, गरियाबंद कोच मोहम्मद रियाज, रायपुर और बालिका वर्ग में हेमबती गोयल कप्तान, उर्मिला बघेल, दुर्गेश्वरी सभी बस्तर, मानसी कोंडागांव, दामिनी वर्मा, वर्षा कोसरे महासमुंद, खुशबू साहू बलोदा बाजार, खुशी दुबे कबीरधाम, पूजा साहू भिलाई इस्पात संयंत्र, यामिनी रायपुर, कोच सूरज नायक, बिलासपुर और मैनेजर योगिता ठाकुर बिलासपुर शामिल है।

छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान, श्यामल बनर्जी कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ बाल बैडमिंटन संघ, नजीर खान, रज्जी उन्नी अध्यक्ष भिलाई इस्पात संयंत्र बाल बैडमिंटन क्लब, डीवीएस रेड्डी सचिव भिलाई इस्पात संयंत्र बाल बैडमिंटन क्लब और जीएल प्रसाद कोषाध्यक्ष भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब एवं सभी पदाधिकारी ने टीम को शुभकामनाएं दी।

### स्क्वैश में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को रविवि का प्रतिनिधित्व करने मौका



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा स्कवैश महिला /पुरूष चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रविशंकर विश्वविद्यालय से संबंधित 12 महाविद्यालयो के खिलाड़ी एवं क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित हुये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ किरण गजपाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ प्रमोद मेने, डॉ रामानंद यदु सेवा निवृत्त क्रीड़ा अधिकारी, डॉ रूपेंद्र सिंह चौहान खेल समन्वय उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, संदीप गोविलकर सचिव स्कवैश संघ रायपुर साथ ही डॉ अजित हुन्डेल एवं डॉ प्रकाश कौर सलूजा महाविद्यालय प्राध्यापक शादुब महिला महाविद्यालय राहुल साहू एवं संजय शुक्ला उपस्थित थे। प्रतियोगिता के माध्यम से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के स्कवैश महिला /पुरूष टीम का चयन किया गया जो 18 से 20 फरवरी तक सौम्य विहार विश्वविद्यालय मुम्बई में आयोजित प्रतियोगिता में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम स्थान अर्चिता बनर्जी शा. दु. ब. महिला महाविद्यालय, द्वितीय स्थान ज्योति संस्कृत महाविद्यालय, तृतीय स्थान उर्वशी बंजारे राधा बाई महाविद्यालय, चतुर्थ स्थान युक्ति साहू प्रगति महाविद्यालय, पंचम स्थान निधि डोंगरे शा. दु. ब. महिला महाविद्यालय एवं छटवां स्थान जितेश्वरी गुरुकुल महिला महाविद्यालय ने प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान बप्पा श्री साहू विप्र महाविद्यालय, द्वितीय स्थान सूर्यकांत सेठ फूलचंद महाविद्यालय नवापारा, तृतीय स्थान हर्ष यादव प्रगति महाविद्यालय, चतुर्थ स्थान अतुल लुनिया प्रगति महाविद्यालय, पंचम अंश जाचक प्रगति महाविद्यालय एवं छटवां स्थान अनस विवेकानंद विद्यापीठ कोटा ने प्राप्त किया।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए राजेश्वरी का चयन

**रायपुर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती



प्रतियोगिता के लिए खेलगांव नवागांव बिलासपुर की कुश्ती खिलाड़ी राजेश्वरी श्याम का चयन हुआ है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगॉव की महिला कुश्ती खिलाडी राजेश्वरी श्याम का चयन 52 किलोग्राम फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के लिए अटल विहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर की महिला कुश्ती टीम मे हुआ है। राजेश्वरी श्याम शासकीय महाविद्यालय रतनपुर-बिलासपुर बीए द्वितीय वर्ष की नियमित छात्रा है। ऑल इंडिया इंटर कुश्ती प्रतियोगिता 14 से 17 जनवरी तक गुरु काशी यूनिवर्सिटी भटिंडा पंजाब की मेजबानी में जारी है। राजेश्वरी के चयन होने सीनियर खिलाड़ी किशन सिदार, गोविंदा जयसवाल, रमेश श्याम, विकास जायसवाल, गोपाल श्याम, प्रकाश जयसवाल,अजित श्याम, कमल निर्मलकर, सुनील श्रीवास, अनिल श्रीवास आदि ने हर्ष जताया है।

### मौजूदा दौर में लिवर से जुड़ी बीमारियों का बढ़ रहा जोखिम

# रहना है सेहतमंद तो अपने लिवर का रखिए ख्याल क्या खाएं और क्या परहेज करें जानना बेहद जरूरी

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पाचन का ठीक रहना जरूरी है और बेहतर पाचन के लिए जरूरी है कि आपका लिवर ठीक से काम करे। लिवर, शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है जो न सिर्फ पाचन स्वास्थ्य को ठीक रखने में मदद करता है साथ ही ये शरीर से अपशिष्ट या विषाक्त पदार्थों को भी बाहर निकालता है। हालांकि कई कारणों से समय के साथ लोगों में लिवर से संबंधित बीमारियों का जोखिम काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है।

पेट और आंतों से निकलने वाला सारा रक्त लिवर से होकर गुजरता है, जिसे ये अंग संसाधित करता है, उनका ब्रेक डाउन करके संतुलित करता है और पोषक तत्वों को शरीर में पहुंचाता है। जिसका मतलब है कि अगर लिवर में किसी प्रकार की बीमारी हो जाए तो इसका असर संपूर्ण स्वास्थ्य पर हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को लिवर को ठीक रखने के लिए जरूरी उपाय करते रहने की सलाह देते हैं।



### लिवर की बीमारियों का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर एक मल्टीटास्कर अंग है हालांकि फैटी लिवर फाउंडेशन के अनुसार, लगभग हर तीन में से एक युवा में फैटी लिवर नामक बीमारी का खतरा देखा जा रहा है। लिवर में वसा के जमाव और सूजन की ये बीमारी लिवर के कार्यों को प्रभावित करने वाली हो सकती है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, इस अंग को स्वस्थ रखने में आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आइए जानते हैं कि लिवर की सेहत ठीक रखने के लिए क्या खाना चाहिए और किन चीजों से परहेज बहुत जरूरी है?

### लिवर को स्वस्थ रखने वाले आहार

सामान्य तौर पर, ऐसे आहार जिसमें प्रचुर मात्रा में रंगीन फल और सब्जियां, उच्च फाइबर वाली चीजें, साबुत अनाज, स्वस्थ वसा, लीन प्रोटीन और कैल्शियम युक्त डेयरी उत्पाद होती हैं, ये लिवर के साथ संपूर्ण शरीर के लिए फायदेमंद मानी जाती हैं। इसके अलावा अध्ययनों में संतुलित मात्रा में कॉफी के सेवन को भी लिवर के लिए लाभकारी पाया गया है। शोध के अनुसार नियमित रूप से सीमित मात्रा में कॉफी का सेवन नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के खतरे को कम कर सकती है।




### खाइए पत्तेदार सब्जियां और साग



पालक और अन्य पत्तेदार सब्जियों में पाए जाने वाले यौगिक फैटी लिवर के खतरे को कम करने के साथ लिवर की अन्य बीमारियों में भी लाभकारी हो सकते हैं। अध्ययन में पाया गया कि पालक खाने से विशेष रूप से एनएएफएलडी का खतरा कम हो सकता है, हरी पत्तेदार सब्जियों-साग में पाए जाने वाले नाइट्रेट और विशिष्ट पॉलीफेनोल्स के कारण लिवर के लिए फायदेमंद हो सकती हैं। इसके अलावा फैटी मछलियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा अधिक होती है। ये पोषक तत्व लिवर में वसा को कम करने, कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के स्तर को बढ़ने से रोकने में भी मददगार है।

### ये चीजें पहुंचाती हैं नुकसान

डॉक्टर बताते हैं, शराब का सेवन लिवर की सेहत के लिए सबसे नुकसानदायक होता है। इससे फैटी लिवर के साथ-साथ लिवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का भी खतरा रहता है। इसके अलावा कैंडी, कुकीज, सोडा जैसे एडेड शुगर या फिर अधिक नमक वाली चीजें भी लीवर में वसा के निर्माण की मात्रा बढ़ा देती हैं।



## प्याज काटने पर नहीं निकलेंगे आंसू ये तरीके चुटकियों में निपटाएंगे काम

मुझे सबसे मुश्किल काम प्याज काटना लगता है। प्याज काटते-काटते आंखों में जलन भी होने लगती है और आंसू भी आने लगते हैं। चलिए आज आपको ऐसी ट्रिक्स बताएं जिनकी मदद से प्याज काटने से आंसू नहीं आएंगे। प्याज काटने से हाथों में भी एक गंध रह जाती है, जो हैंड वॉश से धोने के बाद भी नहीं जाती। फिर आंखों में जलन और आंसू आते हैं, वो अलग। प्याज खाने में भी बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है। सब्जी बनाने से लेकर सलाद तक में इसे काटे बगैर काम नहीं चल सकता है।

### नमक के पानी में भिगोएं प्याज

आपको यह तो पता ही होगा कि नमक का पानी सब्जी का कड़वापन निकालता है। आज यह भी जान लीजिए कि नमक कड़वेपन के साथ उसका तीखापन भी कम करता है। मैं अक्सर सलाद में प्याज काटते वक्त उसे नमक के पानी में भिगो देती हैं। इसके बाद में उसे काटना आसान हो जाता है। आप प्याज को छीलकर साफ कर लें और फिर इसे दो हिस्सों में काट लें या फिर सलाद की तरह लंबा-लंबा और रिंग्स में काटें। अब इसमें नमक छिड़ककर अच्छी तरह से मैरिनेट करें और फिर पानी डालकर 5-7 मिनट के लिए छोड़ दें। प्याज को एक बार पानी में धोकर सलाद मसाला डालकर सर्व करें। आप इसे सब्जी में डालने के लिए बारीक-बारीक भी काट सकते हैं। इससे आंसू नहीं आएंगे।

### आइस चिल्ड पानी पानी में डालें प्याज

प्याज को न फ्रिज में रखना है और न ही ठंडे पानी में डालना है, बल्कि इसके लिए आइस चिल्ड पानी की आवश्यकता है। दरअसल, ठंडा टेंपरेचर प्याज के केमिकल्स को रिलीज होने से रोकता है और इससे आपके लिए प्याज काटना आसान हो जाता है। इसके लिए एक कटोरे में थोड़ा-सा पानी और 5-6 आइस क्यूब्स डालकर उसे चिल्ड होने दें। अब इसमें प्याज डालकर 20 मिनट के



लिए छोड़ दें। इसके बाद जब प्याज काटेंगे, तो आंसुओं की झड़ी नहीं बहेगी। जलन भी काफी हद तक कम होगी। यह काम आप तब कर सकते हैं, जब प्याज को फ्रिज में रखने का समय न हो।

### प्याज काटते वक्त चला लें पंखा

लगा न अजीब? मुझे भी लगा था। दरअसल, मेरी मम्मी अक्सर प्याज को काटते वक्त एग्जॉस्ट चला देती हैं। अगर वह कमरे में भी प्याज काट रही हैं, तो फैन ऑन करवाती हैं। इसके पीछे का लॉजिग यह है कि प्याज से निकलने वाली सल्फर गैस की गंध हमारी आंखों में जलन पैदा करती है। पंखा चलाने पर यह गैस बाहर निकलती है और आंसू कम निकलते हैं। अब जब आप प्याज काटने लगें, तो 2 मिनट रुक जाएं। फैन चलाकर उसके बाद प्याज को जैसे मर्जी चाहे काटें (एग्जॉस्ट फैन की सफाई करने के टिप्स)।

### नींबू पानी में भिगो लें प्याज

रेस्तरां वाले पिंक अनियन सलाद देते हैं, तो उससे भूख भी बढ़ती है। खाने का मजा भी दोगुना होता है। आप इसे घर पर भी बना सकते हैं। अब गुलाबी सलाद बनाना हो या फिर प्याज का पीरापन कम करना हो। नींबू पानी आपकी मदद कर सकता है। प्याज का केमिकल विनेगर या नींबू पानी में रिलीज हो जाता है। उसके बाद आप उसे धोकर उसका उपयोग कर लेते हैं। एक तरीके से आपके दो काम हो सकते हैं। एक जार में 1 बड़ा चम्मच नींबू, 1/2 कप पानी और 1 बड़ा चम्मच विनेगर डालकर मिलाएं।



## राष्ट्रीय खेल स्पर्धा का आगाज, आर्किटेक्ट्स ने मार्चपास्ट से दिया खेलभावना का परिचय




**रायपुर।** द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता आईआईएपीएल (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स प्रीमियर लीग) का आगाज गुरुवार शाम को हुआ। 20 राज्यों से आए आर्किटेक्ट खिलाड़ियों ने आकर्षक पोशाक में मार्चपास्ट किया और खेलभावना का परिचय दिया। आईआईएपीएल के तहत क्रिकेट के अलावा बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मुकाबले 19 जनवरी तक होंगे। शाम को होटल बेबीलॉन वीआईपी रोड में प्रतियोगिता का उद्घाटन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जुबिन शाह, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डूमरे, एनआरडीए के इंजीनियर इन चीफ एसके श्रीवास्तव तथा आर्किटेक्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र मेहता व आर्किटेक्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष सौरभ रहाटगांवकर की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक नृत्य पेश कर छत्तीसगढ़ के कल्चर से देशभर से आए आर्किटेक्ट को रूबरू कराया गया। प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ के अलावा आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखण्ड, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

### 4 क्रिकेट ग्राउंड्स लीग मैच

17 जनवरी को सुबह 8 बजे से 4 क्रिकेट ग्राउंड्स में लीग मैच खेले जाएंगे। 18 जनवरी को इन्हीं 4 ग्राउंड्स पर लीग मैच एवं क्वार्टर फाइनल मैच आयोजित किए जाएंगे। 19 जनवरी को सुबह सेमीफइनल एवं फाइनल मैच का आयोजन इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर किया जाएगा एवं 19 जनवरी की रात होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में पुरस्कार वितरण समारोह रखा जाएगा। इस संपूर्ण आयोजन में विशेष सहभागिता नवा रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी की रहेगी। आर्किटेक्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष सौरभ रहाटगांवकर ने बताया कि प्रीमियर लीग का समापन समारोह 19 जनवरी को शाम 7 बजे होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान उपस्थित रहेंगे।

## मैदा इस्तेमाल किए बिना बनाएं गोभी के मोमोज

आपको हर तरफ मोमोज का ठेला और यहां लगी भीड़ बता देगी इसकी दीवानगी किस हद तक है। लोग शाम के समय स्नैक्स टाइम में कुछ टेस्टी खाना चाहते हैं, तो ऐसे में वे मोमोज खाते हैं। चूंकि इसे स्टीम करके बनाया जाता है! तो इसलिए यह बहुत अधिक नुकसान भी नहीं करता है। मगर जरूरत से ज्यादा खाना भी हेल्थ को नुकसानदायक हो सकता है, फिर मैदा भी सेहत के लिए नुकसानदेह माना जाता है। ऐसे अगर आप चाहें तो मैदा इस्तेमाल किए बिना गोभी के मोमोज तैयार कर सकते हैं। यह मोमोज न सिर्फ स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि हेल्थ के लिए फायदेमंद भी होते हैं।



सबसे पहले पत्ता गोभी के बड़े पत्तों को पूरा निकाल लें और अच्छी तरह से धोकर साइड में रख दें, ताकि सारा पानी निकल जाए। अब भगोने में पानी गर्म करें और फिर उस पानी में इन पत्तों को डालकर हल्का-सा उबाल लें। इससे पत्ते सॉफ्ट हो जाएंगे और इनका कच्चापन भी निकल जाएगा। जब पत्ते सॉफ्ट हो जाए तो इन्हें पानी से बाहर निकालकर छन्नी में रख दें और सूखने के लिए एक पत्तों को छोड़ दें। इस दौरान हम मोमोज की स्टाफिंग तैयार कर लेते हैं। इसके लिए लहसुन को बारीक काट लें और सभी सब्जियों को भी काटकर रख लें। अब एक पैन में तेल डालकर लहसुन को डालकर पकाएं। लहसुन को हल्का ब्राउन करने के बाद इसमें प्याज डालकर अच्छी तरह से भून लें। फिर इसमें बारीक कटी फूलगोभी, गाजर, शिमला मिर्च डालकर अच्छी तरह से पकाएं। अब इसमें नमक डाल दें और जब सब्जियां अच्छी तरह से गल जाएं, तो इसमें सोया सॉस, चिली सॉस, टोमेटो सॉस, व्हाइट विनेगर डालकर मिक्स करें। सबसे आखिरी में पनीर को क्रम्बल करके मिला दें और सभी सब्जियों को मिक्स कर लें। अब पानी में सॉफ्ट पकाएं पत्ता गोभी के पत्तों में इन स्टफिंग को भरकर रैप करें। अब किसी पैन में दो से तीन चम्मच तेल डालें और इन रैप पत्तागोभी को थोड़ा-सा पकाएं। अगर आप चाहें तो स्टीम भी कर सकते हैं। बस आपके पत्ता गोभी के मोमोज तैयार हैं, जिसे चटनी के साथ सर्व करें और अगर आप चाहें तो ऊपर से चाट मसाला भी डाल सकते हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

LOCK & PULL
LOCK AND PULL THE HARDWARE SHOP
SCAN & VISIT OUR SHOP
CALL NOW 0771-4903490
Hettich
HÄFELE
blum
DURO SPACE
MODULAR KITCHEN AND HARDWARE

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 79871 19756, 90981 38778

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वापसी को तैयार चार्ली-विंसेंट, रिलीज हुआ 'डेयरडेविल बॉर्न अगेन' का ट्रेलर

मार्वल के फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। बहुप्रतीक्षित डिज्नी+ सीरीज डेयरडेविलः बॉर्न अगेन का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फैंस



के बीच यह ट्रेलर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस ट्रेलर में चार्ली कॉक्स एक बार फिर मैट मर्डॉक उर्फ डेयरडेविल के रूप में नजर आए हैं। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर उनकी पिछली सीरीज से आगे बढ़ती नजर आएगी। यह 4 मार्च 2025 को रिलीज होगी। इसमें कई पुराने किरदारों की वापसी देखने को मिलेगी। शो में विन्सेंट डी'ऑनफ्रियो एक बार फिर अपने किरदार किंगपिन के रूप में लौट रहे हैं। इसके अलावा जॉन बर्नथल भी फ्रैंक कैसल के रूप में वापसी कर रहे हैं। इन दोनों की वापसी सीरीज को नया मोड़ देने के लिए अहम साबित होगी। शो में किंगपिन और डेयरडेविल की नई साझेदारी एक खतरनाक और खलनायक म्यूज से निपटने के लिए बनाई गई है। इस ट्रेलर में म्यूज की भी झलक देखने को मिलती है जो एक डरावनी सफेद मास्क पहनता है और उसकी आंखों से खून बहता है। म्यूज का किरदार साल 2016 के डेयरडेविल#11 में पेश किया था। ट्रेलर में दर्शकों को खून-खराबे और जबर्दस्त एक्शन की झलक मिलती है, जहां डेयरडेविल पुराने अपराधियों के खिलाफ लड़ते हुए नजर आता है। उसका लुक और लड़ाई के अंदाज में कोई बदलाव नहीं आया है। उसकी यही बात फैंस के लिए काफी ज्यादा खास है। इसके अलावा विल्सन बेटल भी बुल्सआई के रूप में इस सीरीज के जरिए वापसी कर रहे हैं। नेटफ्लिक्स की डेयरडेविल सीजन 3 में अपनी भूमिका के बाद अब वह इस सीरीज में अपने किरदार का और विस्तार करेंगे।

### टॉलीवुड

## 'महावतार नरसिम्हा' में दर्शकों को देखने मिलेगी पौराणिक कहानी, टीजर रिलीज

'महावतार नरसिम्हा' एक पौराणिक फिल्म है, जो भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार और भक्त प्रह्लाद



की कहानी पर आधारित है। इसे केजीएफ और कांतारा के निर्माताओं द्वारा तैयार किया गया है। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया।

'महावतार नरसिम्हा' का बहुप्रतीक्षित टीजर जारी कर दिया गया है। इसकी झलक देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर लगातार इसकी चर्चा कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण केजीएफ, कांतारा और सालार जैसी हिट फिल्में बना चुके प्रोडक्शन हाउस ने किया है। 'महावतार नरसिम्हा' एक ऐतिहासिक और पौराणिक कथा को आधार बनाकर बनाई जा रही है, जो भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार पर केंद्रित फिल्म होगी। फिल्म का निर्देशन अश्विन कुमार ने कर रहे हैं। इस फिल्म में विशेष रूप से भगवान विष्णु के आधे मानव और आधे शेर के रूप में प्रकट हुए अवतार नरसिंह की महिमा को चित्रित किया जाएगा। इस फिल्म की कहानी भक्त प्रह्लाद के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भगवान विष्णु के परम भक्त हैं। फिल्म हमें अच्छाई और बुराई के बीच के युद्ध का अनुभव कराएगी। यह फिल्म हिंदी, कन्नड़, तमिल, तेलुगू और मलयालम सहित कई भारतीय भाषाओं में थ्रीडी प्रारूप में रिलीज की जाएगी। टीजर को देखने के बाद 'महावतार नरसिम्हा' को लेकर दर्शकों में उम्मीदें भी काफी बढ़ी हुई हैं। सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाओं से तो ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। हालांकि, फिल्म की कास्ट के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### भोजपुरी

## एक और नौजवान अभिनेता की दिल का दौरा पड़ने से मौत, सुदीप ने मेहनत से बनाया था मकाम

भोजपुरी सिनेमा में अपनी अदाकारी से खास पहचान बनाने वाले अभिनेता और निर्माता सुदीप पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे। परिवार के अनुसार दिल का दौरा



पड़ने से बुधवार (15 जनवरी) की सुबह 11 बजे उनका निधन हो गया। इस खबर के सामने आते ही फैंस समेत पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई। सुदीप पांडे का बिहार से गहरा नाता था। उनकी परवरिश बिहार में ही हुई थी। उन्होंने अपनी पढ़ाई भी यहीं से की थी। इंजीनियरिंग में स्नातक होने के बाद, वह कुछ समय तक भारत और अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम कर चुके थे। उन्होंने कई फर्मों में चार साल तक काम किया। हालांकि, फिल्मों में उनका झुकाव शुरू से था। इसी वजह से उन्होंने अभिनय में अपनी किस्मत आजमाई। सुदीप ने 2007 में भोजपुरी फिल्म 'भोजपुरिया भईया' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, जिसे उन्होंने खुद प्रोड्यूस भी किया था। अमेरिका से वापस लौटने के बाद उन्होंने इस फिल्म पर काम शुरू किया था। इस फिल्म ने सफलता हासिल की और इसके बाद उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में कई हिट फिल्में कीं। उन्होंने 'भोजपुरिया दरोगा', 'मसीहा बाबू', 'हमार संगी बजरंगबली', 'हमार ललकार' 'सौतन', 'नथुनिया पे गोली मारे', 'धरती', 'कुर्बानी', 'बगावत' जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया। इन फिल्मों में उनकी अदाकारी को काफी पसंद किया गया। सुदीप पांडे ने बिहार के पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में 'बिहार एक खोज' नाम के कार्यक्रम की मेजबानी भी की थी।

## सियोल की अदाएं

लाइफ स्टाइल





दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल की मेट्रोपॉलिटन सरकार ने सियोल फैशन वीक 2025 एस/एस सितंबर माह में डोंगडेमुन डिज़ाइन प्लाज़ा में आयोजित करने का फैसला लिया है। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसमें 21 ब्रांड्स के फ़ैशन शो, पाँच ब्रांड्स की प्रस्तुतियाँ और 92 ब्रांड्स के ट्रेड शो आयोजित किए जाएँगे। इस शो की तैयारियों में मॉडल और डिजाइनर भी जुटे हैं। सभी की कोशिश सियोल की अदाओं से दुनिया को रूबरू कराने की है।

## सर्दियों में हाथ-पैरों की उंगलियां सूजन से हो गई हैं लाल तो उठाएं यह कदम

त्वचा और बालों के साथ-साथ सर्दी के मौसम में बहुत से लोगों के पैरों की उंगलियों में सूजन आ जाती है। सर्दियों में पैरों की उंगलियों में सूजन आने की वजह ठंडी हवाएं हैं। कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इससे राहत पा सकते हैं। सबसे पहले एक टब में गर्म पानी लें। इसके बाद इस पानी में दो चम्मच नमक डालें। अब इस पानी में नमक को सही से घोल लें। अब अपने पैरों को 15-20 मिनट तक पानी में डालकर रखें।

इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा। सर्दियों के मौसम में जब पैरों में सूजन आ जाती है, तो इससे राहत दिलाने के लिए प्याज आपकी मदद कर सकता हैं। इसके लिए आपको बस प्याज का रस निकालना पड़ेगा। इसे निकालने के बाद रूई की मदद से इसे सूजी हुई उंगलियों पर लगाएं। इससे पैरों की खुजली से राहत मिलेगी। इसी तरह सबसे पहले सरसों के तेल को हल्का सा गर्म करें। अब इसमें लहसुन की कलियों को डालें। जब ये पक जाए तो इस तेल को को ठंडा करके पैरों की उंगलियों में लगाएं। तेल लगाने के बाद पैरों में मोजे पहन लें। इसी तरह गैंदे के फूलों को गर्म पानी में डुबा लें। इस पानी में एक चम्मच नमक डालें। अब इसमें पैरों को डुबो लें। सरसों के तेल में हल्दी को डालकर पकाएं। अब इसे अपने पैरों में सूजन वाली जगह पर लगाएं। ये जरूर राहत पहुंचाएगा।



## शादी के बाद ऐसा अपनाएं पहनावा दिल जीत सकें ससुरालवालों का




नए घर में सभी ससुराल वालों को खुश करने के लिए लड़कियां काफी मेहनत करती हैं क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि शादी के बाद शुरुआत से ही अगर ससुराल वालों के साथ रिश्ता मजबूत हो जाए तो किसी तरह की परेशानी सामने नहीं आती। ऐसे में लड़कियां अपने ससुराल वालों का दिल जीतने के लिए काफी कोशिश करती हैं।



वैसे तो इसके कई तरीके हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि अच्छे से सज-संवर कर भी आप अपने घरवालों का दिल जीत सकती हैं। जी हां, अगर आप अपने ससुराल में तरह-तरह की साड़ियां पहनकर तैयार होंगी, तो आपके घर वाले इससे जरूर खुश होंगे। आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं, कि नई दुल्हनों के ऊपर कैसी साड़ियां अच्छी लगती हैं।

### बनारसी साड़ी

ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

### चिकनकारी साड़ी

अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें।

### बॉर्डर वाली साड़ी

आजकल ऐसी साड़ी काफी चलन में भी है। आप चाहें तो पूरी प्लेन साड़ी में हैवी सा बॉर्डर लगवा कर ऊसरा पूरा लुक ही बदल सकती हैं। इस तरह की साड़ी शादी के बाद काफी प्यारा लुक देती है।

## खरीदें डिजाइनर स्वेटर और पाएं स्टाइलिश लुक

सर्दियों के मौसम में लोगों को गर्म कपड़े की बहुत जरूरत होती है। ऑफिस हो या कॉलेज या फिर घर पहनने के लिए ही क्यों नहीं पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को कपड़े लगते हैं। महिलाओं के कपड़ों के ऑप्शन भी ज्यादा होते हैं और उन्हें पहनने के लिए ज्यादा कपड़ों की जरूरत भी पड़ती है। यदि आप भी ऑफिस या कॉलेज के लिए सस्ते दाम में स्टाइलिश स्वेटर तलाश रही हैं, तो हम आपके लिए कुछ बेहतरीन कलेक्शन लाए हैं। ये सभी स्वेटर आपको 500 से कम में मिल जाएंगे।

### डबल बटन कोट स्टाइल स्वेटर

गर्ली लुक के लिए यह स्वेटर बेस्ट है, कॉलेज और ऑफिस समेत इस स्वेटर को आप कहीं भी पहन सकती हैं। लड़कियों के लिए यदि सस्ते में स्वेटर के ऑप्शन देख रही हैं, तो 433 रुपये में ये कोट स्टाइल स्वेटर परफेक्ट है। इसे आप मीशो से खरीद सकती हैं, ग्रे, ब्राउन और स्लेटी ये तीन रंगों में मिल जाएगा।

### बेल्ट वाली स्वेटर

स्वेटर में बेल्ट काफी अच्छा और युनिक लगता है। मीशो में इस बेल्ट वाली स्वेटर को



आप मात्र 317 रुपये में खरीद सकते हैं। इस स्वेटर की डिजाइन तो अच्छी है ही साथ ही इसका कलर और पैटर्न भी यूनीक है। इस स्वेटर को साड़ी, सूट और जीन्स के साथ पेयर कर सकते हैं।

### कॉलर वाली स्वेटर

फर के साथ कॉलर वाली स्वेटर की ये डिजाइन लड़कियों और लेडीज दोनों पर खूब जचेंगी। स्लेटी ब्लैक कलर के इस स्वेटर को आप 415 रूपये में मीशो से खरीद सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट करने पर इस स्वेटर में आपको एक्स्ट्रा ऑफ भी मिलेगा। ऑफिस, कॉलेज और सूट, साड़ी सभी के साथ यह स्वेटर अच्छी लगेगी।

## विंटर आउटफिट में दिखना चाहती हैं एलिगेंट, तो ऐसी शॉल को करें स्टाइल

सर्दियों में महिलाएं शॉल का इस्तेमाल तो करती हैं। लेकिन, उन्हें ड्रेस के अनुसार किस टाइप के शॉल कैरी करना चाहिए इसको लेकर कई बार कंफ्यूज हो जाती हैं। अगर आपको भी समझ नहीं आता कि ठंड में कौन-कौन से शॉल को कैसे स्टाइल करें ताकि आपके आउटफिट को ट्रेंडी लुक मिले, तो आप हमारे टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। यहां हम आपको बताएंगे कि आपको अपने वार्डरोब में किस तरीके के शॉल को शामिल करनी चाहिए, जो आपके लुक को एलिगेंट टच देने के साथ ठंड से भी बचाव का काम करें।

### पश्मीना शॉल

सर्दियों में स्टाइलिश दिखने के लिए आपकी अलमारी में पश्मीना शॉल तो जरुर ही होनी चाहिए। इस शॉल में इस्तेमाल किया जाने वाला ऊन कश्मीर की एक खास प्रजाति की पहाड़ी बकरी से निकाला जाता है, जो बॉडी को काफी गर्म रखने में मदद करती है। यही नहीं, पश्मीना शॉल दिखने में भी बेहद खूबसूरत और ट्रेंडी लगते हैं। ये शॉल सॉफ्टनेस,



गर्माहट और लक्जरी फील के लिए देश भर में फेमस है। इसका फैशन कभी भी खत्म नहीं होता है और आप हर ड्रेस के साथ इसे वियर कर सकती हैं।

### कढ़ाई वाले रेशमी शॉल

ठंड से बचने के लिए आपके पास अलग-अलग वैरायटी के शॉल का होना बहुत जरुरी है।

कार्नर न्यूज

### विंटर फैशन के हिसाब से तय करें अपना स्टाइल और फैशन

## सर्दी के लिए बेस्ट फिट ब्लेजर कैसे खरीदें जरूरी टिप्स के साथ नजर आएं स्टाइलिश

सर्दियों के इस मौसम में जब आप ब्लेजर लेने की तैयारी करें तो अपने लिए बेस्ट लुकिंग ब्लेजर ही चुनें। लेकिन ये चुनाव कैसे होगा? कुछ खास टिप्स इस काम में आपकी मदद करेंगे। इन टिप्स के साथ आप बेस्ट सूटेड ब्लेजर अपने लिए खरीद पाएंगे और विंटर में भी दिखेंगे, सुपर स्टाइलिश, कौन-कौन से हैं ये टिप्स, जान लेते हैं-

### ब्लेजर की लंबाई

ब्लेजर की लंबाई आपकी ऊपरी और निचली बॉडी के बीच सही बैलेंस को दिखाएगी। इसलिए ब्लेजर की सही लंबाई चुनना बेहद जरूरी है।अगर आपकी लंबाई 5 फिट 9 इंच के अंदर है तो ब्लेजर की लंबाई ऊपरी और निचले हिस्से के मध्य से थोड़ी ऊपर होनी चाहिए। यही एक तरीका है ब्लेजर की लंबाई सही चुनने का।

### बांहों की लंबाई

बांहों की सही लंबाई वो है जब आप कलाई से हाथ नीचे करें तो टॉप से बांह " तक ऊपर रहे। इस तरीके से बांह की लंबाई सही चुनी



जा सकती है। ये आपको बेस्ट लुक देगी और ब्लेजर के साथ आपका लुक अच्छा आएगा।

कंधे हों कैसब्लेजर के कंधे आपके कंधों पर फिट आने चाहिए। ये ऐसे फिट होने चाहिए कि हाथ हिलाने डुलाने पर भी इसमें लचक न आए।मतलब जब आप ब्लेजर पहनें तो हाथ उठाने या आगे-पीछे करने पर ब्लेजर के कंधे नीचे नहीं गिरने चाहिए। इनमें एक बैलेंस होना चाहिए, ताकि ब्लेजर में लुक खराब न हो अच्छा लगे।

### कॉलर का क्या हाल

ब्लेजर की कॉलर भी लुक पर गहरा असर डालती हैं। ब्लेजर की कॉलर ऐसे बनी होनी चाहिए कि ये शर्ट की कॉलर पर टिक सके। इनके बीच में ज्यादा गैप भी न हो और ये आपस में चिपकी सी भी न लगे। ये आसानी से टिकी महसूस होनी चाहिए।

### ब्लेजर के बटन

ब्लेजर के बटन को लेकर भी आपको थोड़ी स्टाइलिंग करनी होगी। बटन आपस में इतने दूर होने चाहिए कि बीच का बटन नाभि से ठीक ऊपर आ सके। ये थोड़ा सा और ऊपर हो सकता है लेकिन नीचे नहीं। ऐसा करने से बॉडी का बैलेंस खराब लगने लगेगा। इसलिए बटन के बीच की दूरी पर जरूर ध्यान दें।

